हरिभूमि
रायपुर भूमि

### दी जा रही धमकी

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि यह घटना कॉलेज प्रबंधन की अकर्मण्यता को दर्शाती है। प्रताड़ित छात्रों ने जब इसकी शिकायत की तो कॉलेज प्रबंधन ने इस पर ध्यान नहीं दिया था। सोशल मीडिया में मामला आने के बाद अब सीनियरों द्वारा जूनियरों को विभिन्न तरीकों से धमकाया जा रहा है, जिस पर शासन स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

### रैगिंग नहीं, दोनों छात्रों का हरकतें आपत्तिजनक

इस मामले में जूनियर डॉक्टर एसोसिशन के पदाधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नवप्रवेशी छात्रों से इसकी जानकारी ली, मगर किसी ने भी रैगिंग की पुष्टि नहीं की है। मामले में जिन दो छात्रों को निलंबित किया गया है, उनकी हरकतें आपत्तिजनक थीं, जिसे अभद्रता और अनुशासनहीनता माना गया है। किसी भी छात्र के बाल सीनियरों ने नहीं काटे और न ही मारपीट की गई है।




# शासकीय मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, छात्राओं से मांगी फोटो
# 50 छात्रों के सिर मुंडवाए, थप्पड़ मारे, दो सीनियर निलंबित

- एनएमसी तक शिकायत, सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने लिया एक्शन
- नवप्रवेशी छात्रों के लिए ड्रेस कोड, लड़कियों को बालों में तेल लगाने की हिदायत भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

एमबीबीएस के नवप्रवेशी छात्रों के साथ रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में रैगिंग हो गई। 50 छात्रों के सिर मुंडवाए गए और उन्हें थप्पड़ भी मारे गए। छात्राओं को सिर पर तेल लगाकर आने कहा गया और उनकी फोटो भी मांगी गई। मामले की शिकायत एनएमसी से हुई और सोशल मीडिया पर कई जिम्मेदारों को इसे टैग किया गया, जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन सक्रिय हुआ। एंटी रैगिंग कमेटी ने द्वितीय वर्ष के दो छात्रों को निलंबित कर दिया है। कॉलेजों में एंटी रैगिंग कमेटी बनी हुई है, मगर उन्हें इस बात की जानकारी तब हुई, जब मामले ने सोशल मीडिया में तूल पकड़ा। छात्रों के अपने परिजनों की मदद से सोशल मीडिया पर एनएमसी के अधिकारियों सहित राज्य के जिम्मेदारों के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने बताया, जिक्र किया था कि उनसे हानिरहित मजाक करने के बजाय मानसिक और शारीरिक रूप से थका देने वाला रैगिंग किया जा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दस दिन का निलंबन

इस मामले में एंटी रैगिंग कमेटी ने एमबीबीएस द्वितीय वर्ष, यानी 2023 बैच के दो छात्रों को दोषी पाया है। उनके द्वारा अंशु जोशी तथा दीपराज वर्मा को दस-दस दिन के लिए विगत 4 अक्टूबर को हुई बैठक में निलंबित किया गया था। उनके निलंबन की अवधि के दौरान पांच दिन अवकाश के हैं, जिसे लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

### स्कूल ड्रेस में कॉलेज आने का दबाव

अपनी शिकायत में छात्रों ने बताया कि सभी नवप्रवेशी छात्रों को स्कूल ड्रेस जैसे कपड़े पहनने के लिए मजबूर किया जाता है। एक मोनोक्रोम शर्ट, एक ही रंग की पैंट, स्कूल के जूते और औपचारिक साइड बैग उनका ड्रेस कोड होता है। कॉलेज के अलावा हॉस्टल में भी सीनियर्स द्वारा मारपीट की जाती है और उन्हें मानसिक रूप से टार्चर किया जाता है। यह प्रक्रिया एक या दो बार नहीं, बल्कि व्यापक पैमाने पर हो रही है।

## खबर संक्षेप

### नया एटीएम जारी होने का झांसा, वृद्धा से साढ़े तीन लाख की ठगी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक बुजुर्ग महिला ने अज्ञात ठग के खिलाफ नया एटीएम कार्ड जारी होने का झांसा देकर तीन लाख 41 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला के साथ ठगी की घटना अप्रैल में हुई है। पुलिस ने महिला की शिकायत के छह माह बाद ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः भोपाल निवासी 69 वर्षीय निशा कांति शालिनी अमलीडीह स्थित पॉम ग्रो मारुति रेसीडेंसी में रहती हैं। उसने ठगी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 15 अप्रैल को उसके पास अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर नया एटीएम जनरेट करने का झांसा दिया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपने आपको बैंक अफसर बताया और एटीएम जारी करने के लिए जालसाज ने महिला को उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजकर लिंक क्लिक करने के बाद आया ओटीपी पूछा और पुराने एटीएम का पासवर्ड हासिल कर जालसाज ने महिला के खाते से रुपए ट्रांजेक्शन कर ठगी का शिकार बनाया। महिला के भोपाल स्थित एसबीआई के अकाउंट से जालसाज ने रुपए ट्रांजेक्शन किए हैं।

### लखमा के खिलाफ अपराध दर्ज करने थाने का घेराव



**रायपुर।** बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने विधायक कवासी लखमा द्वारा संत राजीव लोचन को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में सिविल लाइंस थाने का घेराव कर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। हिंदू संगठन के नेताओं के अनुसार संत ने सनातन धर्म तथा देश की रक्षा के लिए हिंदुओं से चार बच्चे पैदा करने की अपील की थी। संत की टिप्पणी के बाद कवासी लखमा ने संत को शादी करने और बच्चे पैदा करने संबंधित बयान दिया था। हिंदू संगठनों के मुताबिक, संत राजीव लोचन बाल ब्रह्मचारी हैं। कवासी लखमा के बयान से हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है, इसलिए कवासी लखमा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदू संगठन ने सिविल लाइंस थाने का घेराव किया।

### लोन रिकवरी करने गए बैंक कर्मी से मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक बैंक कर्मी ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, यूको बैंक के लोन रिकवरी करने वाले वरिष्ठ सिंह ने प्रभजोत सिंह सामिचीमा, पवन सिंह तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। वरिष्ठ ने पुलिस को बताया कि वह अपने अन्य बैंक अफसरों के साथ प्रभजोत सिंह के घर गया था। प्रभजोत ने बैंक कर्मियों को लोन की रकम नहीं देने की बात कहते हुए लोन रिकवर करने वाले वरिष्ठ सिंह के साथ मारपीट की।

## जिले में चोरी, उठाईगिरी करने वालों से दोगुनी संख्या में हिंसा करने वाले बदमाश

# 11 महीने में सामने आए 115 नए गुंडे
# इनमें ज्यादातर नशेड़ी और चाकूबाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस रिकार्ड में अब तक हत्या, मारपीट, गुंडागर्दी, लूट, सूखे नशे के कारोबार के साथ आदतन चाकूबाजी की घटना में शामिल रहने वाले 617 बदमाश हिस्ट्रीशीट में शामिल हैं। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष गंभीर किस्म के अपराध करने वाले बदमाशों की संख्या में रिकार्ड इजाफा हुआ है। इस साल 11 महीने के भीतर 115 नए गुंडा-बदमाश पुलिस की हिस्ट्रीशीटर सूची में शामिल किए गए हैं।

पुलिस अफसरों के अनुसार, आदतन बदमाश, जो जेल जाने के बाद भी सुधरने के बजाय जरायम की दुनिया में रहते हैं और लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे बदमाशों को हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की सूची में शामिल किया जाता है। पुलिस अफसरों के मुताबिक, हिस्ट्रीशीटरों की जो नई सूची तैयार की गई है, उनमें ज्यादातर महज 21 से 30 साल की उम्र के बदमाश हैं। इस साल हिस्ट्रीशीटरों की जो सूची तैयार की गई है, उनमें कई ऐसे बदमाश हैं, जो किशोर उम्र से अपराध की दुनिया में शामिल होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### इन थाना क्षेत्रों में सबसे ज्यादा हिस्ट्रीशीटर

पुलिस के पास हिस्ट्रीशीटरों की जो सूची है, उसमें कोतवाली, मौदहापारा, टिकरापारा, खमतराई, तेलीबांधा, उरला, आरंग तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की संख्या सर्वाधिक है। मौदहापारा, टिकरापारा तथा कोतवाली थाना क्षेत्र के कई हिस्ट्रीशीटर ऐसे हैं, जिनका पूरा परिवार आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहता है।

## बदमाशों की लगातार क्लास लेने पुलिस का दावा

### हिस्ट्रीशीटरों की इस तरह से निगरानी का दावा

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक, हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी की जाती है। हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करने संबंधित थाना क्षेत्र के बीट प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी जाती है। बीट प्रभारी हिस्ट्रीशीटर बदमाश की दिनचर्या से लेकर उसके साथियों के साथ उसके कामकाज के बारे में जानकारी एकत्रित कर अफसरों को इस बारे में जानकारी देते हैं। इसके अलावा हिस्ट्रीशीटर बदमाश को समय-समय पर थाने तलब कर पुलिस अफसर समझाइश देते हैं।



ज्यादातर हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ दर्जनभर से ज्यादा मामले

रायपुर में भी कई अमित जोश, 615 गुंडों की लिस्ट

इनमें सौ से ज्यादा हिस्ट्रीशीटर, कई बेहद खतरनाक

### सूखे नशे के लिए वर्चस्व की लड़ाई

मारपीट, लूट, चाकूबाजी तथा हत्या की घटना में शामिल ज्यादातर बदमाश सूखे नशे के कारोबार से जुड़े हैं। इन बदमाशों द्वारा गांजा, नशीली टेबलेट के साथ अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों का कारोबार किया जाता है। सूखे नशे का कारोबार करने वाले बदमाशों में आए दिन वर्चस्व के लिए झगड़े होते रहते हैं। इसी वर्चस्व की लड़ाई के चलते पिछले दिनों एक बदमाश ने दूसरे बदमाश को जेल परिसर के गेट के बाहर गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### सूखा नशा पुलिस के लिए सिरदर्द

सूखे नशे का कारोबार करने वाले बदमाशों के बीच जो वर्चस्व की लड़ाई होती है, वह कई बार गैंगवार का रूप ले चुकी है। बदमाश जेल के अंदर से बाहर तक एक-दूसरे पर हमले कराते हैं। सूखे नशे के काले कारोबार में निचले स्तर के कई पुलिसकर्मियों के शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे बदमाश पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। इसके चलते आपराधिक घटनाएं बढ़ने के साथ ही नए अपराधियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

### पुलिस रिकार्ड में हजार से ज्यादा बदमाश

हिंसा करने वाले बदमाशों के अलावा पुलिस रिकार्ड में चोरी, उठाईगिरी तथा पाकिटमारी करने वाले बदमाशों की अलग सूची है। जिले में चोरी, उठाईगिरी तथा पाकिटमारी करने वाले बदमाशों की संख्या हिंसा करने वाले बदमाशों की तुलना में आधी है। जिले में चोरी, उठाईगिरी करने वाले बदमाशों की संख्या 309 है, उनमें इस साल 24 नए नाम शामिल किए गए हैं।

### रखते हैं निगरानी में

हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की लगातार मॉनिटरिंग की जाती है। संबंधित थाना क्षेत्र के बीट प्रभारी को इसकी जिम्मेदारी दी जाती है। साथ ही बदमाशों को थाने तलब कर हर दो-तीन महीने में उनकी क्लास ली जाती है।

**- लखन पटले,** एएसपी सिटी

# विंग कमांडर एमबी ओझा नहीं रहे

## 1971 के भारत-पाक युद्ध में बढ़ाया देश का मान

**16 Dec - Garv Hai !**




**90000 Pak soldiers surrendered to Indian Army today, in 1971**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सीएम साय ने जताया शोक
- राजधानी के मौलश्री विहार निवासी, 89 वर्ष की आयु में निधन

1971 के भारत-पाक युद्ध में अपनी जांबाजी से देश का मान बढ़ाने वाले बहादुर अफसर और विंग कमांडर एमबी ओझा नहीं रहे। राजधानी के वीआईपी रोड मौलश्री विहार निवासी विंग कमांडर एमबी ओझा का रविवार को दोपहर 4 बजे 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे संतोष ओझा के पिता थे। उनका संस्कार सोमवार को प्रातः 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। विंग कमांडर एमबी ओझा ने इंडियन आर्मी के बहादुर अफसर के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई। भारत-चीन युद्ध के अलावा कई अहम मौकों पर वे मातृभूमि की रक्षा के लिए कभी पीछे नही हटे। 16 दिसंबर 1971 को भारत-पाकिस्तान युद्ध के उस ऐतिहासिक क्षण, जब पाकिस्तान के तत्कालीन लेफ्टिनेंट जनरल नियाजी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, उस समय भी भारतीय सेना की देश को गौरवपूर्ण उपलब्धि दिलाने वालों में विंग कमांडर एमबी ओझा शामिल रहे।

# जिला अस्पताल ही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी, री-एजेंट का संकट, नहीं हो रहे कई टेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- टायफाइड के विडाल टेस्ट, विटामिन, लिपिड प्रोफाइल जैसी जरूरी जांच नहीं, मरीज मायूस

जिला अस्पताल में संचालित हमर लैब ही नहीं, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित लैब भी समस्याओं से जूझ रहे हैं। री-एजेंट की दिक्कत की वजह से टायफाइड के विडाल टेस्ट सहित विटामिन, लिपिड प्रोफाइल, एचबी ए-1 सी जैसी जरूरी जांच नहीं हो रही है। ज्यादातर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीजन किट के भरोसे मरीजों की बीमारी का पता लगाकर इलाज किया जा रहा है।

बड़े अस्पतालों पर मरीजों की निर्भरता कम करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया गया था। इसके तहत सीएचसी लेवल ▶▶|शेष पेज 13 पर

### लोकल पर्चेस पर्याप्त नहीं

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ चिकित्सकों के अनुसार, लोकल पर्चेस के माध्यम से इस समस्या को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। खरीदी के अधिकार कम होने की वजह से जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। सीएचसी में सुविधा नहीं होने पर सैंपल हमर लैब भेजने की व्यवस्था है, मगर वहां भी कई तरह की जांच नहीं होने की वजह से सैंपल भेजने की मनाही है।

### कहां, क्या जांच नहीं

1. खरोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टाइफाइड की जांच नहीं हो रही है। यहां लिवर और किडनी फंक्शन की जांच के लिए मशीन की व्यवस्था नहीं है।
2. कचना के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हेपेटाइटिस और एडीटीएल जैसे टेस्ट नहीं हो रहे। हमर लैब में जांच नहीं होने के कारण यहां से सैंपल नहीं भेजे जा रहे हैं।
3. खोखो पारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीरम इलेक्ट्रोलाइट, लिपिड प्रोफाइल, एचबी ए-1 सी जैसी जांच नहीं हो पा रही है।
4. अभनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी विडाल टेस्ट, विटामिन जैसी जांच के लिए चिकित्सकीय स्टाफ को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

### दूसरे जिलों में भी हालात अच्छे नहीं

रायपुर जिला ही नहीं, दूसरे जिलों के सीएचसी में संचालित होने वाले लैब का हाल कुछ अच्छा नहीं है। वहां भी बीमारियों की जांच के लिए री-एजेंट की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी जांच अधूरी है, जिसकी वजह से मरीजों को इलाज के लिए प्रायवेट लैब में जाकर अपनी जांच कराकर रिपोर्ट लाने पर आवश्यक उपचार की सुविधा दी जा रही है।

# आज शाम से थम जाएगा प्रचार कांग्रेस-भाजपा ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- वार्डों में नुक्कड़ सभा और घर-घर संपर्क कर हो रहा प्रचार

रायपुर दक्षिण विधानसभा में सोमवार की शाम से चुनावी शोर थम जाएगा। प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस और भाजपा ने अपनी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के तमाम प्रमुख नेताओं ने गली-मोहल्लों में नुक्कड़ सभा लेकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है।

भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल पूरे विधानसभा क्षेत्र का एक चक्कर लगा चुके हैं। वहीं कांग्रेस के सभी बड़े नेता प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित सभी विधायक एवं पूर्व विधायक प्रचार में जुटे हैं। चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले दोनों प्रभारी सचिव ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 30 प्रत्याशियों का फैसला करेंगे 2.70 लाख मतदाता

कांग्रेस-भाजपा मिलाकर कुल 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन बाकी प्रत्याशी किसी तरह की प्रभावी भूमिका में नजर नहीं आ रहे हैं। रायपुर दक्षिण में जातीय समीकरण के हिसाब से मतदाताओं को साधने का प्रयास कांग्रेस-भाजपा के नेता कर रहे हैं। यही वजह है कि दोनों ही दलों ने सामाजिक नेताओं को उनके क्षेत्रों में प्रचार में लगाया है। रायपुर दक्षिण के 2 लाख 70 हजार मतदाता 13 तारीख को वोट डालेंगे। पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत 60 फीसदी के आसपास रहा है, लेकिन इस बार ज्यादा वोटिंग होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# देशभर में 400 करोड़ की ठगी, बंगाल से पकड़े गए चार जालसाज, राजधानी में भी 20 करोड़ ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टो करेंसी के नाम से ठगी करने वाले जालसाजों का नेटवर्क देशभर में संचालित हो रहा है। शेयर ट्रेडिंग तथा क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी करने के तीन अलग-अलग मामलों में रेंज साइबर पुलिस ने मध्यप्रदेश, दिल्ली, आंध्रप्रदेश तथा पश्चिम बंगाल से चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। महिला इंजीनियर के साथ 89 लाख रुपए ठगी के मामले में पुलिस ने 84 लाख रुपए होल्ड कराने में कामयाबी हासिल की है।

रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक, महिला इंजीनियर रश्मि से चार माह पूर्व शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने के आरोप में पूर्व में जो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, उनके अलावा पश्चिम बंगाल 24 परगना निवासी सुमन सिल तथा मध्यप्रदेश के भोपाल निवासी देवराज कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य मामले ▶▶|शेष पेज 13 पर

## पुलिस ने 28 आरोपियों को गिरफ्तार कर छह करोड़ होल्ड कराए



### ढाई सौ से ज्यादा अकाउंट, सिमकार्ड भी जब्त

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार जालसाजों के कब्जे से अब तक ढाई सौ से ज्यादा बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में सिम कार्ड जब्त किए गए हैं। पुलिस ने जालसाजों के कब्जे से जो बैंक अकाउंट, सिमकार्ड जब्त किए हैं, उनमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों के हैं।

### एक के साथ ठगी करने कई राज्यों के जालसाज

रेंज साइबर पुलिस के अलावा ऑनलाइन ठगी करने का सिस्टम पहले से काफी बदल गया है। किसी एक व्यक्ति के साथ ठगी होने की घटना में कई राज्यों के जालसाज शामिल रहते हैं। उनमें अकाउंट से लेकर सिम उपलब्ध कराने वाले अलग राज्य के होते हैं। साथ ही जालसाज ठगी की रकम अलग-अलग राज्यों के बैंक से आहरित करते हैं। इस वजह से जालसाजों को ट्रेस करने पुलिस को मशक्कत करनी पड़ती है। जालसाजों के अकाउंट से रेंज साइबर पुलिस ने अब तक छह करोड़ रुपए होल्ड कराने में कामयाबी हासिल की है।

**रेंज साइबर टीम कर रही 37 मामलों की जांच :** रेंज साइबर पुलिस की टीम 20 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी के 37 अलग-अलग मामलों की जांच कर रही है। रेंज साइबर पुलिस ने ठगी के इन मामलों में अब तक 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनमें दिल्ली, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, गुजरात, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के जालसाज शामिल हैं।

# बाघ की मौत पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- वन अफसरों से मांगा जवाब अफसरों ने वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल के लिए सख्त कदम उठाने दिए निर्देश

कोरिया वनमंडल में तीन दिन पूर्व बाघ को जहर देकर मारे जाने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को वन अफसरों को जवाब पेश करने का आदेश दिया है। बाघ की मौत के बाद वन अफसर भी हरकत में आ गए हैं। वन विभाग के अफसर घटनास्थल पहुंचकर दो किलोमीटर के दायरे में रह रहे लोगों से पूछताछ करने में जुटे हैं।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह शुक्रवार को वन अफसरों को गुरु घासीदास नेशनल पार्क से सटे एरिया में ग्रामीणों के माध्यम से मृत बाघ के बारे में जानकारी मिली। बाघ की बॉडी दो से तीन दिन पुरानी थी। बाघ की बॉडी से बदबू आने लगी थी। घटना की जानकारी मिलने पर कोरिया डीएफओ, गुरु घासीदास नेशनल पार्क के डायरेक्टर, सीसीएफ सरगुजा सहित वन अफसर मौके पर पहुंचे। शनिवार को ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411




## सुनील बाबू बढ़िया है

किस्मत होती है या नहीं? इसके जवाब लोग अलग-अलग तरह से दे सकते हैं। लेकिन रायपुर दक्षिण से चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे सुनील सोनी को देखकर कुछ लोग मान गए हैं कि किस्मत होती है,



मतलब होती है भाई। सुनील पंच-प्रपंच में नहीं पड़ते। साधारण आदमी हैं। ज्यादा तिया-पांचा भी नहीं रखते। किसी से पंगा भी नहीं है, कुछ मिले तो ठीक नहीं तो भी ठीक। लेकिन किस्मत मेहरबान है। इतनी कि निगम के सभापति, महापौर के बाद सांसद की कुर्सी झोली में आकर गिरी। अब विधायक कि टिकट पा गए हैं। वो टिकट जिसके लिए कई तुर्रम खां जोर आजमाइश कर रहे थे। अब किस्मत बुलंद है तो जीत भी सकते है। इतना ही नहीं...खबरी बता रहा था कि बृजमोहन के इस्तीफे से खाली हुआ मंत्री पद भी मिल सकता है। क्योंकि उन्हें टिकट मोहन भैया के कोटे से मिली है। मंत्री पद भी भैया का ही था।

## गांव बसा नहीं और लुटेरे...

यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष को उपचुनाव का टिकट दिए जाने के बाद कइयों के मन में लड्डू फूट रहे हैं। हार-जीत अभी तय नहीं है, लेकिन यदि जीतते हैं तो प्रदेशाध्यक्ष की सीट खाली हो जाएगी। यूथ कांग्रेस के एक तबके ने इसके लिए लॉबिंग करनी शुरू कर दी है। जिस तरह के हालात दिख रहे हैं, सीट खाली होने की संभावना कम ही है। फिर भी पूरी जी-जान से जुगाड़ लगाने की कोशिश कर रहे हैं। ठीक ही है, ऊंट कब, किस करवट बैठ जाए, किसे पता है। गांव बसे या ना बसे लूटने की पूरी प्लानिंग पहले ही हो जानी चाहिए।

## गुरु गुड़ चेला चीनी

बीत दिनों उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कई प्राध्यापकों की पदोन्नति करते हुए उन्हें प्राचार्य पद पर प्रमोट किया गया। सूची जारी होते ही प्राध्यापकों के एक वर्ग में बवाल हो गया। वरिष्ठता क्रम की अनदेखी



के आरोप लगाए जा रहे हैं। मामला बिगड़ता देखकर प्राध्यापकों के एक व्हाट्सऐप ग्रुप में उच्च शिक्षा विभाग वाले साहब को मैसेज करना पड़ गया कि जल्दी ही एक अन्य सूची जारी होगी। जिनके नाम छूट गए हैं, उन्हें इसमें शामिल किया जाएगा। सालों से एक ही स्थान पर जमे प्राध्यापकों के एक वर्ग का भी कोई कुछ नहीं कर पाया। अलबत्ता राजधानी के कई प्राध्यापकों को ग्राम दर्शन पर अवश्य भेज दिया गया है।

## उड़ा ड्रोन पर भनक नहीं

धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक दवा पहुंचाने के लिए एम्स द्वारा काफी तामझाम के बीच ड्रोन उड़ाने की योजना का औपचारिक शुभारंभ कर दिया। इसके लिए जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया मगर योजना में आधी भागीदारी निभाने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नजरअंदाज कर दिया गया। ड्रोन उड़ाने की खबर दूसरे दिन विभागीय अधिकारियों को खबरों के माध्यम से हुई। स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष दखल रखने वाले एक आला अधिकारी की त्यौरियां चढ़ी हुई है। उन्होंने मामले में प्रतिक्रिया दी है कि बिना जानकारी एम्स वाले ड्रोन तो उड़ा लेगें मगर उसे स्वास्थ्य केंद्र में उतारने के लिए परमिशन कहां से लाएंगे।

## एनपीए...एनपीए... एनपीए...

लोगों की सेहत का ख्याल रखने वाले स्वास्थ्य विभाग में इन दिनों डाक्टरों के एनपीए का मुद्दा गरमाया हुआ है। भत्ता लेकर निजी अस्पताल में बेहतर परफार्मेंस दिखाने वाले चिकित्सकों पर शासन



सख्ती का मूड बना रहा है। नॉनक्लीनिकल डाक्टर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने शासन की सख्ती के पक्षधर है। ऑपरेशन और इलाज करने वाले क्लीनिक चिकित्सक इस आदेश को मरीज के हित में नहीं होने का हवाला देकर वापस लेने की पैरवी कर रहे हैं। विभागीय स्तर के अधिकारी इस आदेश से होने वाले असर की समीक्षा कर इसे लागू करने अथवा वापस लेने का विचार मंथन कर रहे हैं।

## क्या से क्या हो गया

शहर के साहब के दिन गर्दिश में चल रहे हैं। पहले तो एकतरफा था। शहर के सरकार टाइप। जो चाहें जैसा चाहें करते थे। विधानसभा चुनाव से पहले टिकट के दावेदार थे। चलो टिकट नहीं मिली कोई बात नहीं। रायपुर शहर ही नहीं, शहर के आसपास की सारी सीटें कांग्रेस हार गई। ठीकरा फोड़ दिया साहब पर। लेकिन सरकार भी चली गई। उसके बाद तो पूछिए मत। अब जिस इलाके में रहते हैं वहां चुनाव हो रहा है, किसी ने जिक्र तक नहीं किया। अपोजिशन वालों ने यहां तक कह दिया कि कांग्रेस प्रचार से दूर रख रही है। बताइए, क्या से क्या हो गया।

## ठंडा मतलब साउथ जोन ...

शहर के साउथ जोन का हिसाब-किताब देखने वाले व्हाइट हाउस के बड़े साहब उखड़े-उखड़े नजर आ रहे हैं। महीनेभर से न कोई फाइल



पूछने आ रहा, न किसी को बिल पास करने की हड़बड़ी। जिसे देखो, वही भइया के राग अलाप रहा है। ये भला क्या बात हुई। इलेक्शन के बाद बाई इलेक्शन फिर म्यूनिसिपल इलेक्शन, ये सब अपने ही जोन में होना था। कलीग ने साहब को मतलब समझाया , कमाने-खाने के दिन लद गए, अब तो बाबू और चपरासी भी टांट मार रहे हैं, ठंडा मतलब साउथ जोन।

## दुर्ग का धमाका रायपुर तक

आखिर लंबे समय के बाद छत्तीसगढ़ में एनकाउंटर हो गया। जिस तरह रायपुर में बदमाशों ने अति कर रखी है, खुलेआम केंद्रीय जेल के बाद फायरिंग हुई, कारोबारी पर अटैक हुआ, दिनदहाड़े मर्डर हो रहे थे, लग रहा था कि रायपुर पुलिस ही कोई कारनामा कर देगी। लेकिन एनकाउंटर दुर्ग में हुआ। खैर...खबरी बता रहा था कि रायपुर में भी तैयारी थी। केंद्रीय जेल में दिनदहाड़े गोली चलाने वालों को घेर लिया गया था, सुनसान इलाके में। ऊपर से संकेत थे, सख्ती करो। लेकिन ऐनवक्त पर साहब का मन पसीज गया। गिरफ्तार करके छोड़ दिया। लेकिन दुर्ग पुलिस के बाद अब रायपुर पर दबाव बड़ गया है। क्योंकि मुख्यमंत्री की तरफ से भी संकेत है-क्राइम पर जीरो टालरेंस।

## इधर चला मैं उधर चला

कोई मिल गया फिल्म का एक गाना है-इधर चला मैं उधर चला, जाने कहां मैं किधर चला। अरे...फिसल गया। यह गाना एक नेताजी पर फिट बैठ रहा है। क्या है कि नेताजी कभी कांग्रेस जाना चाहते हैं, कभी



भाजपा के गले में बाहें डाल देते हैं। कभी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव लड़ने उतर जाते हैं। कभी यह कभी वो। चुनाव से पहले चर्चा थी कि भाजपा में विलय हो जाएगा। नेताजी पार्टी के साथ ही भाजपाई हो जाएंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात भी हुई लेकिन हमेशा की तरह पेंच फंस गया। अब नेताजी की मुहब्बत कांग्रेस के लिए जाग गई है। बाकायदा कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने सड़क पर उतर आए हैं। देखते हैं...आखिर में नेताजी किधर जाते हैं।

## मामला रोचक है

रायपुर दक्षिण के उम्मीदवारों का जब ऐलान हुआ तब लगा था मामला एकतरफा ही रहेगा। कहां मोहन भैया और सुनील सोनी और कहां कांग्रेस के आकाश शर्मा। वैसे भी कांग्रेस में फूफाजी बहुत थे। जिन्हें



टिकट नहीं मिला, बाकायदा अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे थे। उस पर सरकार जिसकी हो उपचुनाव वही पार्टी जीतती है। लेकिन जिस तरह कांग्रेस के दिग्गज नेता मैदान में उतरे हैं उससे माहौल तो बन गया है। चुनाव रोचक हो गया है। भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस ने भी कसर नहीं छोड़ रखी। नतीजा जो भी, यह चुनाव कड़े मुकाबले के लिए याद रखा जाएगा। कांग्रेसियों ने माहौल बना दिया है।

राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा

# नया प्याज आने के बाद कीमत और आसमान पर, चिल्हर में नया 70, पुराना 80 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्याज की कीमत एक बार फिर से आंसू निकाल रही है। पिछले कई माह से प्याज की जो कीमत चिल्हर में 60 रुपए थी, वह नया प्याज आने के बाद और बढ़ गई है। जहां नया प्याज थोक में 55 रुपए है, वहीं यह चिल्हर में 70 रुपए और पुराना प्याज थोक में 65 रुपए तथा चिल्हर में 80 रुपए तक बिक रहा है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित दक्षिण के राज्यों में प्याज की फसल खराब होने के कारण अच्छी क्वालिटी का प्याज नहीं आ रहा है, इसलिए प्रदेश में आवक आधी है। रोज 50 से 60 ट्रक आने वाला प्याज इस समय 25 से 30 ट्रक ही आ रहा है। कीमत भी ज्यादा होने के कारण कारोबारी कम माल मंगा रहे हैं। देश में प्याज का उत्पादन भी बीते तीन साल से लगातार कम हो रहा है। इस साल जहां कम उत्पादन किया गया है, वहीं फसल भी खराब होने के कारण दोहरी मार पड़ रही है। देश में सबसे ज्यादा प्याज का उत्पादन महाराष्ट्र में होता है। इसी के साथ कर्नाटक और मप्र में भी प्याज का उत्पादन होता है। छत्तीसगढ़ में ज्यादा प्याज महाराष्ट्र नासिक से आता है। महाराष्ट्र से ही देश के कई राज्यों के साथ दूसरे देशों में भी प्याज जाता है। कारोबारियों के मुताबिक, इस बार महाराष्ट्र में प्याज की फसल भारी बारिश के कारण बहुत ज्यादा खराब हो गई है।

### खराब क्वालिटी के कारण प्याज की आवक आधी

#### लगातार उत्पादन भी कम

तीन साल पहले प्याज की कीमत किसानों को एक से पांच रुपए ही मिलने के कारण महाराष्ट्र के किसान ऐसे खफा हुए कि लगातार तीन साल से फसल का रकबा कम करते जा रहे हैं। तीन साल पहले 1941000 हेक्टयर में 31687000 मीट्रिक टन प्याज होता था।

#### आवक कम कीमत ज्यादा

राजधानी रायपुर की प्याज मंडी में सामान्य समय में रोज 20 ट्रक माल आता है, जो इस समय प्याज की खराब क्वालिटी के कारण महज 10 ट्रक माल आ रहा है। कारोबारी प्याज खराब होने के डर से ज्यादा माल नहीं मंगा रहे हैं।



#### चिल्हर में मनमाने दाम

हमेशा की तरह राजधानी की सब्जी मंडियों में चिल्हर में प्याज के मनमाने दाम हैं। जहां एक तरफ सबसे बड़ी सब्जी मंडी शास्त्री मार्केट में नया प्याज 60 से 65 रुपए में मिल रहा है, वहीं अन्य बाजारों में यह 70 रुपए तक बिक रहा है।

#### अगले सप्ताह दाम कम होने की संभावना

प्याज की क्वालिटी में सुधार और ज्यादा आवक होने पर अगले सप्ताह कीमत में कमी आने की संभावना है। - **अजय अग्रवाल,** अध्यक्ष थोक आलू-प्याज विक्रेता संघ, भनपुरी

## आईएनएच-हरिभूमि की वोट यात्रा में दोनों दलों ने किया जीत का दावा

# रायपुर दक्षिण के दंगल में किसका होगा मंगल

# कांग्रेस-भाजपा ने एक-दूसरे पर छोड़े तीखे तीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार अंतिम चरण में है। भाजपा और कांग्रेस नेताओं का दावा है कि चुनाव में उन्हें जीत मिलेगी। भाजपा जहां एक ओर विकास कार्यों को लेकर चुनाव लड़ रही है, वहीं कांग्रेसियों ने भाजपा प्रत्याशी पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए इसे मुद्दा बना रखा है। उनका मानना है कि पिछले 34 साल में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र विकास मामले में काफी पिछड़ गया है। आईएनएच न्यूज-हरिभूमि ने अपनी वोट यात्रा कार्यक्रम में कांग्रेस और भाजपा नेताओं व समर्थकों से चुनाव को लेकर संवाद किया। निगम गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में खासी भीड़ रही। कांग्रेस नेता प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा, भाजपा नेताओं में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीचंद सुंदरानी, संजय श्रीवास्तव ने अपनी बात रखी और जनता की ओर से भी सवालों पर चर्चा की। चर्चा में भाजपा नेताओं ने दावा किया कि सांसद और महापौर रहने के



दौरान भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने रायपुर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनता उनके अनुभव के आधार पर फिर एक बार भाजपा को दक्षिण विधानसभा में विजय दिलाएगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विकास का दावा करने वाले शहर में उनके काम का कोई एक उदाहरण ले आएं, या फिर कोई शिलान्यास का पत्थर ही दिखा दें तो मान लेंगे कि उन्होंने काम किया है। उनकी निष्क्रियता के कारण कोई काम नहीं हुआ। भाजपा नेताओं का कहना है कि सांसद रहते हुए उन्होंने कई काम कराए। अस्पताल तक मरीजों को पहुंचाने एंबुलेंस की व्यवस्था भी सांसद निधि से कराई।

### जनता की कमाई फूंकने का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 11 महीने पहले विधायक बने थे, क्यों इस्तीफा दिया? जनता पर चुनाव का बोझ क्यों डाला? जब मन किया चुनाव लड़ लिए, जब मन किया, इस्तीफा दे दिए। भाजपा के कारण जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा उपचुनाव पर खर्च हो रहा है। जनता इसका हिसाब भाजपा के खिलाफ मतदान कर लेगी। भाजपा की ओर से इस पर कहा गया कि जब आपके नेता भूपेश बघेल राजनांदगांव से चुनाव लड़ते हैं तो ठीक है, हमारे नेता बड़ी पंचायत में चुने जाते हैं तो आपको मनमर्जी लगती है।

### सरकार में पारदर्शिता से काम

चुनाव के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि उनका पानी सप्लाई का काम तक ठीक से नहीं हो पा रहा है। वहीं भाजपा नेताओं का कहना है कि आपके महापौर हैं। यहां पर चुनाव में वे कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि डबल इंजन की सरकार में सभी काम पारदर्शिता से हो रहे हैं। जनता सब देख रही है। चुनाव में भाजपा को एकतरफा समर्थन मिलेगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता इस बार युवा चेहरे को चुनाव में समर्थन देगी। अब तक दक्षिण के लोग ठगे जा रहे थे।

### दावे पर कांग्रेस ने मांगे प्रमाण

कांग्रेस का आरोप था कि बृजमोहन अग्रवाल 8 बार रायपुर दक्षिण से विधायक थे, लेकिन अपने निर्वाचन क्षेत्र को उन्होंने विकास से दूर रखा। इधर भाजपा ने कहा कि 5000 करोड़ के विकास कार्य कराए गए हैं। कांग्रेस ने इस पर उनको चुनौती दी है कि वे अपने विधायक के कार्यकाल के विकास कार्यों की सूची सार्वजनिक करें, जो कार्य दक्षिण विस में हुए हों। जनता की ओर से भी इसे लेकर प्रतिक्रिया दी गई। उनका कहना था कि पूरे तथ्यों के साथ नेताओं को सामने आना चाहिए।



### भाजपा फिर दोहराएगी इतिहास

*कांग्रेस नेताओं और वहां मौजूद कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस बार जनता बदलाव के मूड में है। जनता अब दक्षिण में कांग्रेस के युवा प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान करेगी। दक्षिण का चुनाव सक्रिय बनाम निष्क्रिय हो चुका है। भाजपा नेताओं ने कहा कि दक्षिण का पिछला रिकार्ड भाजपा फिर यहां पर दोहराएगी। चर्चा के दौरान लोगों ने दक्षिण के चुनावी दंगल को लेकर नेताओं के बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।*



# बृजमोहन बोले- दक्षिण विधानसभा कांग्रेसियों के लिए पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भाजपा के पास गिनाने के लिए कई काम हैं, कांग्रेस सिर्फ एक योजना बताए। सच्चाई यह है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा कांग्रेस पार्टी के लिए एक पर्यटन स्थल बन गया है। हर 5 साल में कांग्रेस पार्टी रायपुर दक्षिण विधानसभा एक बार घूमने के लिए आती है। कांग्रेस ने मेरे खिलाफ आठ बार नए प्रत्याशी उतारे। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए ही दक्षिण विधानसभा में आते हैं। उसके बाद उनका कोई पता-ठिकाना नहीं होता। कांग्रेस नेता चाहे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट हों या फिर भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सभी हर पांचवें साल रायपुर दक्षिण में पर्यटन करने आते है। फिर उसे

- भाजपा के पास गिनाने के लिए कई काम, कांग्रेस सिर्फ एक योजना बताए



भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को दक्षिण की विधानसभा की जनता क्यों स्वीकार करेगी और क्यों वोट देगी? श्री अग्रवाल ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, दक्षिण विधानसभा की जनता पूरी तरह आश्वस्त है कि दक्षिण विधानसभा का विकास भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। उन्होंने कहा, मुझे विपक्ष में रहते हुए भी रायपुर दक्षिण की जनता ने जिताया है और इस बार भी जनता भाजपा को ही जिताएगी। कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि पिछली बार महंत रामसुंदर दास को जबर्दस्ती रायपुर दक्षिण से प्रत्याशी क्यों बनाया। महंत रामसुंदर दास ने कांग्रेस पार्टी क्यों छोड़ी। कांग्रेस ने उनके साथ क्या व्यवहार किया, उनका अपमान क्यों किया, जरा इस बात को कांग्रेस पार्टी को बताना चाहिए। कांग्रेस पार्टी को बताना चाहिए कि 5 वर्ष तक निगम की सत्ता संभालने वाले कांग्रेसी महापौर चुनाव प्रचार में क्यों नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा के कार्यकाल में रायपुर दक्षिण में 5 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य हुए हैं। हर

### भाजपा ने किया राजधानी का विकास

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, भाजपा ने सुनील सोनी जैसे स्वच्छ छवि के ईमानदार प्रत्याशी मैदान में उतारा है। आज छत्तीसगढ़ के साथ-साथ जो राजधानी का विकास दिखता है, उसके विकास का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत और मेयर के रूप में काम करते हुए सुनील सोनी को जाता है।

# भूपेश ने कहा- धान खरीदी नीति में बदलाव से किसानों की बढ़ेंगी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू की जाएगी। प्रदेश में धान खरीदी को लेकर सियासत शुरू हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, विष्णुदेव साय की सरकार ने उनकी सरकार के फैसलों को पलट दिया है। नई व्यवस्था से किसानों को काफी मुश्किलें होंगी।

- समितियों में बफर स्टॉक के उठाव की कोई समयसीमा नहीं

श्री बघेल ने कहा, धान उपार्जन की हमारी सरकार की नीति को बीजेपी सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार, 72 घंटे में बफर स्टॉक से उठाव की नीति को भी बदल दिया गया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास ये अधिकार होता था कि वे समयसीमा में उठाव नहीं होने पर चुनौती दे सकें। अब जो बदलाव हुआ है, उसके बाद बफर स्टॉक के उठाव की कोई समयसीमा ही नहीं है। रविवार को कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निटान 28 फरवरी तक करने की बाध्यता रखी गई थी। अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। 31 जनवरी तक धान की खरीदी होगी, यानी समितियों या संग्रहण केंद्रो में धान अब दो महीने तक रखी रहेगी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी इस बात पर संज्ञान लिया है कि अगर धान में सूखत आती है तो इसे लेकर नीति या नियम बनाए जाने चाहिए, वरना सरकार को लिखकर देना चाहिए कि सूखत नहीं होती है।



### धान मिलर के रेट में हुई कटौती

*पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, धान मिलिंग के लिए हमारी सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था, जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेशभर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं। अब सरकार ने मिलर के लिए 120 से घटाकर 60 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। हमारी सरकार में उपार्जित धान को मिलर सीधे खरीदी केंद्र से उठाते थे, लेकिन नई नीति में ऐसा होना संभव नहीं दिखता है।*

### 14 नवंबर से होगी धान खरीदी

*छत्तीसगढ़ में धान की कटाई शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने धान खरीदी के लिए 14 नवंबर का दिन रखा है। 14 नवंबर से 31 जनवरी तक राज्य में धान खरीदी की जाएगी। किसानों से धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाएगा।*

## रायपुर दक्षिण में नहीं गलेगी कांग्रेस की दाल, भाजपा की जीत तय

# अजय चंद्राकर बोले- प्रमोद दुबे भाजपा के नेट बॉलर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा के विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का कहना है, कांग्रेस नेता प्रमोद दुबे भाजपा के नेट बॉलर हैं। भाजपा के लोगों को प्रमोद दुबे नेट प्रैक्टिस कराते हैं, इसलिए उनके खिलाफ कुछ नहीं बोलूंगा। रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर पूर्व मंत्री ने कहा, वहां पर कांग्रेस के बाहरी लोग प्रचार कर रहे



हैं, लेकिन रायपुर दक्षिण में कांग्रेस की दाल गलने वाली नहीं, वहां भाजपा की जीत तय है। रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा, रायपुर दक्षिण में कांग्रेस कितनी भी ताकत झोंक ले, होना कुछ नहीं है। जीत तो भाजपा के प्रत्याशी की ही होगी। उन्होंने कहा, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत कितने घंटे चुनाव प्रचार करेंगे? वहां पर कांग्रेस के बाहरी लोग प्रचार कर रहे हैं। सचिन पायलट भी बाहर के हैं और प्रत्याशी भी बाहर के हैं।

### पांच साल का श्वेतपत्र जारी करे कांग्रेस

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के प्रचार में कवासी लखमा के डांस करने को लेकर श्री चंद्राकर ने कहा, नाच इसलिए रहे हैं, क्योंकि उन्होंने बूढ़ा तालाब का पानी पिया है। 50 करोड़ का बूढ़ा तालाब है, उसका पानी पिए हैं, नोट मिला हुआ पानी है तो कुछ न कुछ असर दिखाएगा ही। उन्होंने कहा, कांग्रेसियों के रायपुर दक्षिण में जो-जो स्मारक हैं, उनका श्वेतपत्र जारी करना चाहिए। कितना खर्च हुआ है, बूढ़ा तालाब पर, सिटी कोतवाली, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर, तालाब के सौंदर्यीकरण में कितनी देरी हुई, क्या खर्च हुआ यह श्वेतपत्र जारी करें 5 साल का।

### अध्यक्ष नहीं प्रवक्ता की तरह बात कर रहे बैज

भिलाई एनकाउंटर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान, चींटी मारकर भाजपा के लोग वाहवाही लूट रहे हैं, पर श्री चंद्राकर ने कहा, कांग्रेस को अपराध के बारे में, एनकाउंटर के बारे में, नक्सलियों के बारे में बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है। श्री बैज तो जिस तरह से बयान दे रहे हैं, वे कांग्रेस के अध्यक्ष नहीं लगते। वे भूपेश बघेल के प्रवक्ता लगते हैं। उन्हें सुशील आनंद शुक्ला की जगह होना चाहिए। वे कांग्रेस के प्रवक्ता की भूमिका मत निभाएं, वे कांग्रेस अध्यक्ष यदि हैं तो कांग्रेस अध्यक्ष की तरह व्यवहार करें।

# जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होगा सीएम साय का भव्य रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार थमने के पहले सोमवार को दोपहर 2 बजे से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रोड शो होगा। जयस्तंभ चौक के पास स्थित शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रोड शो शुरू होगा। इसमें प्रदेश के करीब आधा दर्जन मंत्री, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अलावा रायपुर जिले के सभी विधायकों के साथ प्रदेश के करीब एक दर्जन विधायक शामिल होंगे। इसी के साथ भाजपा के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। रायपुर दक्षिण का चुनाव भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। अब तक बृजमोहन अग्रवाल के कारण यह विधानसभा भाजपा का गढ़ रही है।



### जयस्तंभ चौक से शुरुआत नेताजी चौक पर समापन

मुख्यमंत्री साय का रोड शो दोपहर 2 बजे जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होगा। यह रोड शो गोलबाजार, कोतवाली, सदरबाजार, आमापारा, लाखेनगर चौक, सुंदरनगर, कुशालपुर अंडरब्रिज, तिरंगा चौक से होते हुए वापस लाखेनगर चौक पहुंचेगा। लाखेनगर चौक से पुरानी बस्ती, कैलाशपुरी, सिद्धार्थ चौक, कालीबाड़ी, महिला थाना, केनाल रोड होते हुए नेताजी चौक कटोरा तालाब में रोड शो का समापन शाम 5.50 बजे होगा।

# बायोगैस प्लांट लगाने जहां तय की जमीन, वहां फिर होने लगा अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर और बिरगांव नगर निगम को रोज वार्डो से मिलने वाले ठोस कचरे का स्थाई निदान के लिए होने वाली कारगर पहल 8 महीने से फाइलों में उलझी हुई है। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए बिरगांव निगम सीमा के रावांभाठा वार्ड में स्थित 20 एकड़ से ज्यादा एरिया को चिन्हांकित करने के बाद जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इस जमीन को लीज पर देने का मसौदा तैयार कर सरकार को स्वीकृति के लिए भेजने के बाद से फाइल ठंडे बस्ते में है। दूसरी तरफ प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन पर एक बार अवैध कब्जा होने लगा है।

राजधानी में दो निगमों के बीच सीबीजी प्लांट लगाने की तैयारी जिस उत्साह से शुरू की गई, वह अब फाइलों के ढेर का हिस्सा बन चुकी है। सूत्रों ने बताया कि रायपुर और भिलाई निगम सीमा में अलग-अलग कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करने त्रिपक्षीय समझौता 8 महीने पहले यानी मार्च में हुआ। इन दोनों संयंत्रों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश करने वाला है। सरकार के साथ सीएम आवास में बीपीसीएल के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी सरकार ने दिलाया है। इसके मद्देनजर रायपुर निगम प्रशासन ने शहर के पानी को फिल्टर करने वर्षों पहले बनाए गए प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन को अब लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू कर मसौदे की फाइल तैयार करने के बाद सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजी है।

## रावांभाठा की जमीन लीज पर देने स्वीकृति की प्रक्रिया 8 महीने से फाइलों में



**नहीं बनी डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट :** सीबीजी संयंत्र लगाने के लिए त्रिपक्षीय समझौता इसलिए किया गया था, ताकि रायपुर और बिरगांव निगम के वार्डों से रोज निकलने वाले कचरे का उपयोग कर उससे बायोगैस तैयार की जाए। जमीन का मसौदा सुलझाने में हो रहे विलंब के चलते संयंत्र लगाने डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट भी नहीं बनी है। इस प्रोजेक्ट के तहत बीपीसीएल के साथ छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) व रायपुर और भिलाई निगम के बीच समझौता हुआ। इसके बाद से काम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया जमीन लीज की स्वीकृति में फंसी है।

### लीज की स्वीकृति के बाद कार्रवाई

बायोगैस प्लांट के लिए रावांभाठा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे खाली कराई गई जमीन पर अगर कब्जा हो रहा है तो उसे लीज की स्वीकृति के बाद कार्रवाई कर खाली कराया जाएगा। इस बहुआयामी योजना को शुरू करने में हरसंभव सहयोग व पहल करेंगे।

*- अबिनाश मिश्रा*, आयुक्त, ननि रायपुर

### प्लांट की क्षमता 100-150 टन

केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम बीपीसीएल 100 करोड़ के निवेश के साथ सीबीजी प्लांट लगाएगा। हर संयंत्र की क्षमता 100 से 150 टन प्रतिदिन होगी। सीबीजी संयंत्रों में जैव ईंधन के उत्पादन में प्रतिदिन 200-250 मीट्रिक टन ठोस कचरे का उपयोग होगा। संयंत्र से हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार युवाओं को रोजगार मिलेंगे। हर साल 45 लाख रुपए जीएसटी मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूरी क्षमता से उत्पादन और बिक्री पर फोकस करने का प्रावधान है। इससे जैविक खेती को बढ़ावा के साथ शहर स्वच्छ होगा।

## खबर संक्षेप



### निर्मलकर ने किया मड़ई-मेला का शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने दूधाधारी मठपारा, भाठागांव, मठपुरैना, कुशालपुर बोरियाखुर्द सहित अनेक स्थानों पर पहुंचकर मड़ई-मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री निर्मलकर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मड़ई-मेला हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति है, जिसे सभी जाति-समाज के लोग मिलकर मनाते हैं। विशेषकर यादव और आदिवासी समाज की भूमिका आयोजक के रूप में होती है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, चंद्रपाल धनगर, सतनाम सिंह, निशा-देवेंद्र यादव, गोपाल वर्मा, चोवाराम देवांगन, वरुण निर्मलकर, नीलू निर्मलकर, हेमंत निर्मलकर आदि शामिल रहे।

## निधन

### जोगराज चांडक

**रायपुर।** जयश्री मर्लिन विहार निवासी जोगराज चांडक का 10 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुरेंद्र चांडक के छोटे भाई एवं संतोष और किशन के बड़े भाई थे।



### कमला सिंह

**रायपुर।** रायपुर निवासी कमला सिंह का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 नवंबर को दोपहर 12.30 बजे कोटा रोड बैकुंठ धाम में किया जाएगा। वे डॉ. प्रो. हरिराम सिंह की पत्नी और अरविंद्र, आनंद, रामा की माता थीं।



### सत्यनारायण सोनी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती निवासी सत्यनारायण सोनी का 10 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 नवंबर को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे जनक दुलारी सोनी के पुत्र एवं लक्ष्मीनारायण सोनी के छोटे भाई थे।



## बंद लाइटें सुधारी जाएंगी, पाथवे की मरम्मत समेत अन्य कार्य शामिल

# कारी, नरैया, कंकाली समेत 40 तालाबों और 43 उद्यानों के मेंटेनेंस पर खर्च होंगे छह करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के आमापारा स्थित कारी तालाब, टिकरापारा सिद्धार्थ चौक स्थित नरैया तालाब, ब्राह्मणपारा वार्ड के कंकाली तालाब, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहिणीपुरम तालाब समेत 40 तालाबों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के 43 उद्यानों के मेंटेनेंस के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी ने एजेंसी तय कर दी है। अनुबंधित एजेंसी इन तालाबों और बगीचों में सौंदर्यीकरण के दौरान बंद पड़ी लाइट सुधारने, पाथवे मरम्मत, पचरी की मरम्मत से लेकर स्थल की सुंदरता बरकरार रखने का कार्य करेगी। रायपुर की एजेंसी को इस कार्य के लिए ठेका दिया गया है। इस पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

दरअसल रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के 40 तालाबों और 43 गार्डन के संरक्षण-संवर्धन के लिए सफाई, सौंदर्यीकरण संबंधी प्रोजेक्ट शुरू किया गया। संबंधित अनुबंधित एजेंसी को प्रोजेक्ट पूरा करने के साथ ही एक साल के मेंटनेंस की शर्त शामिल रही। इनमें से कई तालाब ऐसे रहे, जिसमें मेंटेनेंस अवधि पूरी होने के बाद भी संचालन व संधारण के लिए एजेंसी तय नहीं हुई। इसके चलते इन तालाबों पर करोड़ों खर्च कर लगाई गईं आकर्षक लाइटें बंद पड़ी हैं। पाथवे देखरेख के अभाव में धंस गए हैं, तालाब की सुंदरता बढ़ाने लगाए गए उपकरणों में टूट-फूट के बाद दोबारा उन्हें सुधारा नहीं गया। जनशिकायतों के बाद रायपुर स्मार्ट सिटी ने अपने पुराने प्रोजेक्ट के 40 तालाबों और 43 गार्डन के मेंटेनेंस के लिए टेंडर कर एजेंसी तय की है। अनुबंधित एजेंसी 5 साल तक चयनित तालाबों के सौंदर्यीकरण के मेंटेनेंस का काम करेगी।



### वर्कआर्डर जारी

रायपुर स्मार्ट सिटी ने अपने पुराने प्रोजेक्ट में शामिल 40 तालाबों और 43 गार्डन में कराए गए कार्य के 5 साल तक मेंटेनेंस के लिए एजेंसी तय कर वर्क आर्डर दे दिया है। इस कार्य पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे। साथ ही राजधानी के 4 चौक के मेंटेनेंस का काम इसमें शामिल है।

*- पीके पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

### इन तालाबों की देखरेख के लिए एजेंसी तय

- आमापारा कारी तालाब री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
- टिकरापारा का नरैया तालाब प्रोजेक्ट
- डबरी तालाब शताब्दी नगर
- भाठागांव का आछी तालाब सौंदर्यीकरण लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट
- रोहिणीपुरम तालाब री-डेवलपमेंट, ब्यूटीफिकेशन प्रोजेक्ट
- शीतला तालाब
- जरवाय तालाब, अमलीडीह तालाब, शिवनगर पैठू तालाब
- चिंरौजी तालाब, पुरैना तालाब
- पंडरी तालाब ब्यूटीफिकेशन री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
- बंधवा तालाब कचना, गोंदवारा तालाब
- मोतीबंद तालाब जोरा, सोनडोंगरी तालाब
- शीतला तालाब पुरानी बस्ती मोवा
- कंकाली तालाब री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, डगनिया तालाब

इसके अलावा निगम सीमा क्षेत्र में चिन्हांकित अन्य तालाबों का मेंटेनेंस कार्य शामिल है। इसी तरह नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित विभिन्न वार्डों में स्थित 43 बगीचों की देखरेख व संधारण कार्य अनुबंधित एजेंसी के जिम्मे दिए गए हैं।

## सामूहिक तुलसी विवाह कार्यक्रम कल से



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड स्थित स्वर्णभूमि परिसर में तुलसी विवाह समिति द्वारा दो दिवसीय 12 से 13 नवंबर को सामूहिक तुलसी विवाह एवं एकादशी उद्यापन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य राजेंद्र महाराज सहित भागवताचार्य देवकृष्ण महाराज के सानिध्य में संगीतमय संकीर्तन का विशाल आयोजन होने जा रहा है। श्रीमती राठी ने बताया कि सोमवार को आचार्यों के आगमन के साथ ही वेदी निर्माण एवं मंडप रचना की जाएगी, जिसके बाद मंगलवार को सुबह 9 बजे से 108 जोड़ियों द्वारा संकल्प व वेदियों की पूजा-प्रतिष्ठा का शुभारंभ होगा। दोपहर 3 बजे श्री ठाकुरजी की बारात निकाली जाएगी, जिसके बाद बुधवार को प्रातः हवन के बाद यजमान जोड़ियों एवं व्रतधारियों के लिए महाप्रसादी एवं महाभंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में हेमलता बंसल, अनिता खंडेलवाल, आरती अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल व कांता सिंघानिया आदि शामिल होंगे।

## रेत के अवैध उत्खनन परिवहन पर कार्रवाई



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर जिले में गौण खनिजों के उत्खनन एवं अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। उप संचालक खनिज केके. गोलघाटे के निर्देशन में खनिज अधिकारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध उत्खनन एवं परिहवन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा एवं उनकी टीम ने बीते दिनों आरंग इलाके के ग्राम गुदगुदा में रेत अवैध खनन में संलिप्त पनडुब्बी नुमा मशीन, एक चेन माउंटेन और एक हाईवा को मौके से जब्त कर थाना आरंग के सुपुर्द करने की कार्रवाई की। इससे पूर्व इस टीम ने रेत के अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर एवं एक हाईवा को आरंग के समीप ग्राम कुरुद से जब्त कर थाना गिद्धपुरी के सुपुर्द किया। इस कार्रवाई में सुपरवाइजर श्री बेलचंदन, डीके साहू व सैनिक रूपेश चंद्राकर, राजू बर्मन, गोलू वर्मा, केदार वर्मा, लुकेश वर्मा, प्रेम कुर्रे एवं पुलिस जवानों का सहयोग रहा।

## प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के निर्विरोध प्रांताध्यक्ष बने प्रफुल्ल

**रायपुर।** गुरु घासी दास सांस्कृतिक भवन में रविवार को प्रांताध्यक्ष के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की महासमिति की बैठक हुई। जिसमें संघ संविधान के नियमानुसार प्रांताध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष पूर्ण होने पर प्रांताध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में मुकेश टंडन द्वारा प्रांताध्यक्ष पद के लिए प्रफुल्ल कुमार का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसमें और कोई अन्य नाम प्रस्तावित नहीं होने के कारण सर्व सहमति से प्रदेश के समस्त 33 जिलाध्यक्षों के सहमति से प्रफुल्ल कुमार को पुनः आगामी तीन वर्ष के लिए निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के संरक्षक रविंद्र तिवारी और सह निर्वाचन अधिकारी प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एसपी देवांगन उपस्थित रहे।



## बुजुर्ग माता-पिता की ख्वाहिश ध्यान में रखें, संवेदना में डूबें

**रायपुर।** संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में जारी पंचाह्निका महोत्सव के तीसरे दिन भूतल के 'भगवानः मातृ पितृ वंदना' का कार्यक्रम भक्तिभाव पूर्वक हुआ। इस पावन मौके पर मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी ने कहा कि माता और पिता जो इस भूतल के भगवान है, इस धरती पर भगवान हैं। ऐसे माता-पिता की संवेदना में आज हमें डूबना है। माता-पिता ने जो हमारे लिए बलिदान दिया है, हमें जिस लायक बनाया है,ऐसे माता-पिता को हमें वंदन बारंबार करना चाहिए। रविवार सुबह चतुर्विद संघ के परम निश्रा में माता-पिता की महिमा का गुणगान किया गया। मुनियों ने कहा, हम परमेश्वर को देख नहीं सकते किंतु इस धरती पर भगवान तुल्य माता-पिता जो हमारे समक्ष हैं उन्हें हम नमन व वंदन करें। ऐसा व्यवहार रखें कभी भी उनके मन को ठेस नहीं पहुंचे।

- **माता और पिता जो इस भूतल के भगवान हैं**



### बच्चों ने गायन के साथ मातृ वंदना पर दी नाट्य प्रस्तुति

*इस अवसर पर बच्चों द्वारा गायन के साथ मातृ वंदना पर नाट्य प्रस्तुति दी गई। मुंबई से आए संगीतकार हर्षित ने माता-पिता पर आधारित अपने भजनों से वातावरण को करुणामयी बना दिया। इस मौके पर तीन दिवसीय उजामन प्रदर्शनी का उद्घाटन करने का लाभ आजीवन रात्रि भोजन का त्याग करने वाली मंजू कोठारी को प्राप्त हुआ। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी दर्शन,ज्ञान,चारित्र के सामग्री की लगाई गई है। सभी श्रावक-श्राविकाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।*

## पेज 11 के शेष ...

### शासकीय मेडिकल ...

रहा है। मामला वायरल होने और एनएमसी द्वारा भेजे गए पत्र के बाद मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी सक्रिय हुई। एंटी रैगिंग हेल्पलाइन से मिली शिकायत के आधार पर 4 अक्टूबर को कॉलेज प्रबंधन की बैठक हुई और रैगिंग के मामले में एमबीबीएस के दो छात्र को निलंबित किया है। इस मामले में कॉलेज के प्रवक्ता का कहना है कि मामले को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है, सभी क्लासेस में जाकर इस बात की समझाइश दी जा रही है कि इस तरह की कोई भी घटना होने पर कॉलेज फैकल्टी को जानकारी दी जाए। आने वाले दिनों में रैगिंग रोकने सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### देशभर में 400 करोड़...

में अनिमेश तिवारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 99 लाख रुपए ठगी के आरोप में मूलतः उत्तरप्रदेश निवासी दीपक को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। कारोबारी महेश चंदानी से क्रिप्टो करेंसी के नाम पर एक करोड़ 16 लाख की ठगी करने के आरोप में आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा निवासी सैयद जानी बासा को गिरफ्तार किया है।

### आज शाम से थम...

जरिता लैटफलांग और संपत कुमार बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की लगातार बैठकें कर रहे हैं। दोनों ही दलों के प्रत्याशी एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। रायपुर दक्षिण के मोहल्लों में बैनर-पोस्टर वार चल रहा है।

### जिला अस्पताल ही...

पर आवश्यक मशीनों की व्यवस्था से मिनी लैब तैयार कर 64 तरह की आवश्यक जांच की सुविधा दी गई थी। जिस तरह की जांच यहां नहीं होती, उनके सैंपल लेकर हमर लैब भेजे जाने का सिस्टम बनाया गया था। इस व्यवस्था के तहत मरीजों की जांच के पैसे भी बच रहे थे और उन्हें बड़े शहरों का लंबा सफर भी नहीं करना पड़ रहा था। पिछले कुछ समय से सीएचसी की व्यवस्था प्रभावित हुई है और री-एजेंट की पर्याप्त सप्लाई नहीं होने की वजह से कई जरूरतमंद मरीजों को दूसरे लैब में जाकर जांच कराने की सलाह दी जा रही है। री-एजेंट की समस्या से दूरवर्ती जिले ही नहीं, राजधानी रायपुर समेत जिले के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी जूझ रहे हैं।

### बाघ की मौत पर...

बाघ का पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में बाघ को जहर देकर मारने की पुष्टि हुई है। बाघ का पीएम वन विभाग, पुलिस, एनटीसीए के प्रतिनिधि तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में चार सदस्यीय पशु चिकित्सकों की टीम ने किया। पोस्टमार्टम के बाद बाघ के जरूरी अंगों को लैब टेस्ट के लिए सुरक्षित रखा गया है। घटना के दूसरे दिन रायपुर से एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ घटनास्थल पहुंचे थे। ***डॉग स्क्वाड की टीम पहुंची :*** घटना के पूर्व बाघ ने कहां-कहां विचरण किया, बाघ ने जिस जगह मवेशी का शिकार किया, उस जगह पहुंचकर मवेशी के बचे शेष मांस में किसने जहर मिलाया। इसकी जांच करने गोमर्डा अभयारण्य से डॉग स्क्वाड की टीम पहुंची है। संदेह के आधार पर वन विभाग के अफसर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं। ***क्राइम रोकने सख्त कदम उठाएं :*** बाघ को जहर देकर मारने की घटना के बाद वन अफसर अलर्ट हुए हैं और वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल करने सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित करने हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के जवाब मांगे जाने के बाद राज्य सरकार जल्द ही गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व घोषित करने की तैयारी कर रही है। ऐसे में गुरु घासीदास नेशनल पार्क से सटे क्षेत्र में दो साल में दो बाघों को जहर देकर मारे जाने की घटना के बाद, क्षेत्र में बाघों की सुरक्षा वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती है। **जानकारी मिलने पर बच सकती थी जान :** वन अफसर बाघ के नियमित मॉनिटरिंग करने का दावा कर रहे थे। ऐसे में बाघ ने जिस मवेशी का शिकार किया, इसकी जानकारी मॉनिटरिंग टीम को क्यों नहीं लग पाई? बाघ की सही ढंग से मॉनिटरिंग होती रहती तो बाघ ने जिस मवेशी का शिकार किया था, उस जगह की मॉनिटरिंग टीम निगरानी करती और ग्रामीणों को सतर्क रहने मुनादी कराती तो बाघ की जान बच सकती थी। इसके बाद ग्रामीण मांस में जहर मिलाने को लेकर सोचते। ***बदले की भावना से जहर देने की आशंका :*** जानकारों के मुताबिक, बाघ को जहर बदले की भावना से देने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बाघ द्वारा मवेशी के शिकार करने से मवेशी मालिक आक्रोशित हो गया होगा और उसने बाघ को मारने मवेशी के शेष बचे मांस में जहर मिला दिया होगा। अफसर अलर्ट रहते तो जिस ग्रामीण के मवेशी का बाघ ने शिकार किया था, उस मवेशी के मालिक को वन अफसर तत्काल मुआवजा राशि उपलब्ध करा देते तो बाघ को जहरखुरानी से बचाया जा सकता था। आरोप है कि वन्यजीवों द्वारा मवेशी के शिकार मामले में विभागीय अफसर मुआवजा देने में टालमटोल करते हैं, इसके चलते वन्यजीवों तथा वनक्षेत्र के रहवासियों के बीच द्वंद्व की स्थिति निर्मित होती है।

फार्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पताः आकाश शर्मा,** मकान नंबर 115, वी. एल. एम. स्कूल के पास, ओम सोसायटी, सुन्दर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ 492013

**राजनैतिक दल का नामः- इंडियन नेशनल कांग्रेस**

निर्वाचन का नाम-

विधान सभा-

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम- 51 - रायपुर नगर दक्षिण**

मैं आकाश शर्मा (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं- **(क) लंबित आपराधिक मामले- क्र.सं. (1) न्यायालय का नाम-** न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, **मामले की सं. एवं तारीख-** 22283/2013, **मामले (मामलों) की स्थिति-** लंबित, **संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण-** धारा 353, 186, 188, 332, 147, 148 भारतीय दण्ड विधान एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

**2.** न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 20471/2015, लंबित, धारा 147, 149, 427 भारतीय दण्ड विधान, धारा 03 लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

**3.** न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 4884/2018, लंबित, धारा 147, 353, 186, 332, 427 भारतीय दण्ड विधान एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

**4.** न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, -2794/2018, लंबित, धारा 147, 321, 294 भारतीय दण्ड विधान एवं बल्वा, स्वेच्छया उपहति करने का आरोप।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)

वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर

MD आयुर्वेद (पुणे)

Timing- (11-8) by Appointment

Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564

पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र

(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)

न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव

INTL Ayurvedic Consultant

राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द

• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC

डॉ. मनोज अग्रवाला

एमडी (सीएमसी वेल्लोर)

(गोल्ड मेडलिस्ट)

स्किन क्लिनिक

सेवाएं

मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन

विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया

अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी

चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)

0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# छात्रों के उपद्रव से परेशान रविवि, अब बढ़ाई जाएगी सुरक्षाकर्मियों की संख्या, उग्र हो रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अपने सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाने जा रहा है। इसके लिए बीते दिनों हुई बैठक में प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया है। इसके बाद अब नए गार्ड की नियुक्ति की आएगी।

खास खबर

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन छात्र नेताओं के उपद्रव से हलाकान हो गया है। ना सिर्फ छात्र नेता बल्कि अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचने वाले सामान्य विद्यार्थियों से भी रविवि परेशान है। छोटी-छोटी बात पर तनातनी और विवाद की स्थिति विवि परिसर में प्रतिदिन निर्मित हो रही है। कई बार बात हाथा-पाई तक पहुंच जाती है। सर्वाधिक खराब स्थिति विवि के प्रशासनिक भवन में है, जहां कई तरह के काउंटर बने हुए हैं। इन काउंटर में छात्रों की अंकसूची सुधार सहित कई अन्य कार्य किए जाते हैं।

विवाद की सर्वाधिक स्थिति यहीं निर्मित होती है। वर्तमान में यहां मात्र एक सुरक्षाकर्मी की ही तैनातगी रहती है। कर्मी के किसी कार्यवश बाहर जाने अथवा उक्त स्थल पर नहीं रहने की स्थिति में यहां सुरक्षार्थ कोई भी मौजूद नहीं होता है।

## बीते माह गार्ड द्वारा छात्र को थप्पड़ मारने पर हुआ था हंगामा

- सामान्य समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचने वाले छात्रों संग भी विवाद की स्थिति




### कार्यक्रमों में भी होगी अतिरिक्त सुरक्षा

प्रथम पाली में 5, द्वितीय पाली में 7 तथा तृतीय पाली में 4 नए गार्ड की नियुक्ति होगी। इसके लिए कार्यपरिषद की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि विवि के विभिन्न भवनों तथा कार्यक्रमों में सुरक्षा कर्मी प्रदान करने के लिए ये वृद्धि की गई है। सूत्रों के अनुसार, विवि में होने वाले कार्यक्रमों में भी अब अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाएगी। सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति विश्वविद्यालयीन स्तर पर नियमानुसार की जाएगी।

### सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार पर भी बवाल, प्रदर्शन

रविवि में बीते दिनों सुरक्षाकर्मी द्वारा छात्र को थप्पड़ मारे जाने की घटना भी खबरों में रही थी। यहां परीक्षा संबंधित कार्य की जानकारी प्राप्त करने आए छात्र को गार्ड द्वारा थप्पड़ जड़ दिया गया था। इसके पश्चात छात्रनेताओं ने जमकर प्रदर्शन किया था। तत्पश्चात गार्ड की सेवाएं प्रशासनिक भवन में समाप्त की गई थीं। इसी तरह से कुलपति की सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल संग एक गार्ड द्वारा मारपीट भी रविवि में बीते दिनों की गई। यहां की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार को लेकर बीते कई माह से सवाल उठते रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गड़रिया समाज ने सीएम साय से की मुलाकात

**रायपुर।** गड़रिया समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ सर्व गड़रिया समाज महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजधानी में आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन की जानकारी दी। साथ ही उन्हें मुख्य अतिथि बतौर शामिल होने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम 1 दिसंबर को महादेवघाट के देशहा गड़रिया सामाजिक भवन में होगा। मुलाकात के दौरान प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, अजय हंसा, अभिमन्यु धनगर, चंद्रपाल धनगर, मिलन धनगर, आशीष धनगर, गोविंद धनगर मौजूद रहे।

### दीपावली मिलन में व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन की मांग



**रायपुर।** अवंति विहार व्यापारी संघ द्वारा रविवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई देकर मंगलमय जीवन की कामना की। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि सभी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है, ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि देश के अनेक राज्यों में राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भी व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, किशोरचंद्र नायक, राम सचदेव, इंदरपाल सिंह तोमर, हरीश लोकवाणी, राजेश दुलानी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**रायपुर।** जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता हितेंद्र तिवारी और अधिवक्ता उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार ने दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की निर्धारित मतदान तिथि 13 नवंबर को रायपुर जिले के समस्त शासकीय विभागों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है।

## मंदिर की गलियों तक सीमित हुआ पुन्नी मेला, जगह नहीं होने से सड़कों पर सजेंगी दुकानें

# महादेवघाट में सिमट गई मेले की जमीन दुकान लगाने पर्याप्त जगह नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भगवान हाटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पुन्नी मेला की परंपरा विगत कई सालों से चली आ रही है। मेले में राजधानी के साथ-साथ अम्लेश्वर और पाटन क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। बदलते समय के साथ अब महादेवघाट में मेले की जगह भी सिमट गई है। खानपान, मनिहारी, खिलौनों, रेडीमेड गारमेंट्स, श्रृंगार सहित तरह-तरह की दुकानें अब केवल मंदिर की गलियों तक सीमित हो चुकी हैं। इन चंद गलियों में 15 और 16 नवंबर को 50 हजार से भी अधिक लोग मेला भ्रमण करने पहुंचेंगे। ऐसे में अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस के लिए कड़ी चुनौती होगी। बीते कुछ सालों में मंदिर परिसर के आसपास भवनों का निर्माण होने से भी अब लोगों को दुकान लगाने की जगह नहीं मिल रही है। मंदिर प्रबंधक का कहना है कि हर साल मेला स्थल सिमट रहा है। जितनी संख्या में लोग पहुंचते हैं, अब इतनी बड़ी जगह परिसर में नहीं है। हजारों लोग वाहनों के साथ आते हैं। मैदान भी पार्किंग में भर जाता है। सड़कों पर दुकान लगाने से हर साल जाम लग जाता है।

हरिभूमि सरोकार

### मेले में हर 5 मीटर की दूरी पर दुकानें

इस बार भी मेला मंदिर परिसर के साथ दूसरी तरफ अम्लेश्वर की ओर भी सजेगा। मंदिर में दर्शन करने की वजह से भीड़ इस ओर अधिक होती है। हरिभूमि की टीम रविवार को महादेवघाट पहुंची। मंदिर परिसर में विभिन्न समाज के भवनों के पास झूला व दुकानें लग चुकी हैं। जगह कम होने से इस बार हर 5 मीटर की दूरी पर दुकान है। इसके अलावा हनुमान मंदिर, भाठागांव रोड और मंदिर के पीछे की ओर भी खानपान, रेडिमेड गारमेंट्स, श्रृंगार की दुकानें लगेंगी। मेले में आरंग, धरसींवा व पाटन से दुकान लगाने कारोबारी पहुंचे हैं। हेमंत ध्रुव का कहना है कि जगह नहीं होने से दुकान छोटी करनी पड़ी है। सड़क पर खड़े होकर भी मेले में सामान बेचना होगा।

## पुन्नी मेले के लिए महादेवघाट सजकर तैयार, 15 को श्रद्धालु लगाएंगे खारुन में डुबकी





### सड़क किनारे दर्जनभर से अधिक दुकानें

विगत कई वर्षों से दुकान लगा रहे दुकानदारों का कहना है कि पांच पहले भी हजारों की संख्या में लोग पुन्नी मेले में पहुंचते थे, लेकिन अब जगह कम हो चुकी है। इस वजह से भीड़ अधिक हो चुकी है। पहले भी परिसर की सड़कों किनारे दुकान लगाते थे, लेकिन अब चारों दिशाओं में दुकानें लगने लगी हैं। महादेवघाट तक पहुंचने वाली चारों सड़कों किनारे दर्जनों दुकान सजकर तैयार हैं। जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों के अलावा बचाव दल भी तैनात किया जाएगा।



### एक दिन पहले विशेष श्रृंगार

कार्तिक पूर्णिमा पर रात 3 से 4 बजे तक भगवान महादेव की विशेष पूजा के बाद मंदिर के पट खोले जाएंगे। मंदिर के पुजारी पं. सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि एक दिन पहले 14 नवंबर को श्रृंगार किया जाएगा। सुबह विशेष अभिषेक पूजा, महाआरती के बाद मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। मेले में हजारों की संख्या में लोग न केवल खारुन नदी में डुबकी लगाकर भगवान हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे, बल्कि मेले का भरपूर लुत्फ भी उठाएंगे।

# अज्ञात युवती की लाश का मामला, हत्या कर कंबल के नीचे दबा दिया था शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


निर्माणाधीन बिल्डिंग में संदिग्ध परिस्थिति में मिली युवती की लाश

- लाश से सलवार गायब होने की बात सामने आ रही
- हत्यारे ने लाश को कंबल से ढककर कचरे में दबा दिया था
- कुत्ते ने खींचा कंबल, तब बदबू फैलने से मिली जानकारी

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित कलर्स मॉल के पास निर्माणाधीन भवन में मिली अज्ञात युवती की लाश की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती की लाश कंबल से ढंकी मिली थी। युवती के शरीर पर कुर्ता तो सही सलामत हालत में था, लेकिन सलवार गायब होने की बात सामने आई है। मृत युवती की शिनाख्त के लिए सोमवार को महासमुंद, पिथौरा से कुछ लोग आएंगे। उसकी शिनाख्त के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद ही युवती की मौत की गुत्थी सुलझ पाएगी।

पुलिस के अनुसार, निर्माणाधीन बिल्डिंग में युवती की लाश मिली थी, उस लाश को कंबल से ढंक दिया गया था। लाश मिट्टी, रेत तथा बिल्डिंग मटेरियल के कचरे के नीचे दबी हुई थी। इस वजह से किसी को लाश होने के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई। जहां युवती की लाश मिली, वहां एक कुत्ते ने कंबल खींचा, तब तेज बदबू फैलने लगी। इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने युवती की लाश को देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### शरीर पर चोट के निशान

पुलिस के अनुसार, लाश 10 से 15 दिन पुरानी है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिलने की पुष्टि हुई है। शरीर पर चोट के निशान कैसे लगे, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही होगी। पुलिस ने युवती की हत्या कर लाश निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठिकाने लगाने की आशंका व्यक्त की है। युवती की लाश मिलने के बाद पुलिस आसपास के रहवासियों से तथा संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### आलमारी से 50 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ आलमारी में रखे 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बड़ा अशोक नगर निवासी शशि साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शशि ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। आलमारी खोलने पर महिला को अपने जेवर चोरी होने की जानकारी मिली।

## छाए बादलों ने उमस बढ़ाई, असहज हुआ मौसम, तापमान भी चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण से आने वाली हवा के प्रभाव से राजधानी समेत प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर बादल छाए रहे। इससे धूप का प्रभाव तो नहीं हुआ, मगर उमस के कारण असहजता-सी महसूस हुई। अभी रात और दिन का तापमान सामान्य से अधिक है, जिसमें कल के बाद गिरावट आने की उम्मीद है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, नवंबर के बीते दस दिनों में किसी तरह का पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया है, मगर तापमान में गिरावट नहीं होने की वजह से ठंड का अधिक असर नहीं हुआ है। अभी राज्य में दक्षिण-पूर्व से हवा आ रही है, जिसके कारण बादल छाए हुए हैं। इस वजह से दिन और रात का तापमान में किसी तरह का बड़ा परिवर्तन नहीं हो रहा है। रविवार को राजधानी का मौसम असहजता लिए हुए था। दिन में काफी बादल छाए हुए थे, जिसकी वजह से धूप नहीं निकली। वातावरण को देखकर बारिश होने का अंदाजा लगाया जा रहा था। वातवरण में धुंध होने की वजह से दृश्यता भी कमजोर महसूस हो रही थी। दिन में धूप की तेजी तो नहीं रही, मगर वातावरण में मौजूद नमी के कारण उमस से बेचैनी महसूस होती रही।



### मौसम में आएगी गिरावट

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सोमवार को विशेष बदलाव नहीं होगा, मगर हवा की दिशा बदलने से मंगलवार को तापमान में थोड़ी गिरावट आने के आसार बन रहे हैं। अभी राज्य के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री तक अधिक दर्ज किया जा रहा है।

## व्याख्याता से मोबाइल लूट धरे गए तीन बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- राज्योत्सव ड्यूटी से लौट रहे व्याख्याता से बदमाशों ने की थी लूट

डीडीनगर पुलिस ने राज्योत्सव की ड्यूटी से लौट रहे व्याख्याता से लूट के आरोप में हत्या के आरोपी सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने पिछले सप्ताह 5 नवंबर को देर रात व्याख्याता से लूट की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस के मुताबिक, चंपेश्वर गोस्वामी से लूट के आरोप में चंगोराभाठा निवासी खिलेश्वर साहू उर्फ नानू, मिथिलेश छत्री तथा देव सारथी को गिरफ्तार किया है। मिथिलेश पूर्व में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में हत्या के आरोप में तथा खिलेश्वर गंज थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। चंपेश्वर ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह ड्यूटी से वापस लौट रहा था। इसी दौरान वह गणेश मंदिर के पास अपने मोबाइल से बात कर रहा था। एक्टिवा सवार बदमाशों ने चंपेश्वर के साथ मारपीट कर उसे धक्का देकर गिरा दिया और मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।

## बीत चुकी दिवाली, पर कम नहीं हुई उड़ान की खुमारी, एयर फेयर अब भी दस हजार के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिवाली बीते काफी दिन हो चुके हैं, मगर हवाई यात्रियों की संख्या में अभी भी कमी नहीं आई है। दिल्ली समेत ज्यादातर शहरों का किराया दस हजार के पार है। बेंगलुरु का किराया अभी भी 18 हजार और पुणे का टिकट 14 हजार खर्च करने पर ही मिल रहा है।

खास खबर

दिवाली के दौरान आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होने और टिकटों की कीमतों पर फ्लेक्सिबल नियम लागू होने की वजह से किराया दोगुना हो गया था। त्योहार को बीते काफी दिन हो चुके हैं, मगर एयर फेयर अभी भी सामान्य स्थिति में नहीं आ पाया है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से संचालित विमानों का विभिन्न शहरों के लिए किराया अभी भी दस हजार से ज्यादा है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि छुट्टियों का दौर चलने की वजह से अभी भी काफी संख्या में यात्रियों की आवाजाही जारी है, जिसकी वजह से टिकटों की कीमत बढ़ी हुई है।

### बेंगलुरु का किराया 18 हजार पुणे का 14 हजार से ज्यादा



### बेंगलुरु का किराया सबसे अधिक

वर्तमान में रायपुर से नियमित उड़ान भरने वाली बेंगलुरु फ्लाइट का किराया सबसे अधिक है। सोमवार को इसका फेयर 18 हजार तक पहुंचा है। इसके साथ ही पुणे जाने वाली फ्लाइट का फेयर मंगलवार को 14 हजार हो चुका है। दिल्ली जाने वाले यात्रियों को 12 से 13 हजार रुपए तक देने पड़ रहे हैं और मुंबई का टिकट 13 से 18 हजार रुपए खर्च करने पर मिल रहा है। हैदराबाद के लिए 13 हजार और कोलकाता जाने के लिए 11 हजार रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं।




# राजधानी की 44 सड़कों की मरम्मत अगले सप्ताह से, 11 करोड़ में ठेका, वर्क ऑर्डर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के 10 जोन में शहर के 3 विधानसभा क्षेत्रों की 44 सड़कों में पेंच रिपेयर का काम अगले सप्ताह से शुरू होगा। पंद्रहवें वित्त आयोग ने पेंच रिपेयर, पेवर ब्लॉक के काम कराने यह राशि रायपुर नगर निगम को दी गई है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर निगम प्रशासन ने एजेंसी तय कर वर्कआर्डर जारी किया है। रायपुर की एजेंसी 11 करोड़ की लागत से शहर की इन चिन्हांकित सड़कों की मरम्मत कराएगी।

नगर निगम सीमा क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की दशा सुधारने की तैयारी है। शहर को धूलमुक्त बनाने पेंच रिपेयर और पेवर ब्लॉक लगाने के लिए नगर निगम को 11 करोड़ की राशि मिली है। आउटर स्थित जोन-8 और जोन-9 में दर्जनभर सड़कों पर काम होगा।



### सड़क सुधार अगले सप्ताह से

नगर निगम के 10 जोन में 3 विधानसभा क्षेत्रों की 44 सड़कों का पेंच रिपेयरिंग कार्य अगले सप्ताह से शुरू होगा। इसके लिए एजेंसी तय कर वर्कआर्डर की स्वीकृति ले ली गई है। पंद्रहवें वित्त आयोग से 11 करोड़ की राशि इस कार्य के लिए मिली है।

- **अंशुल शर्मा**, कार्यपालन अभियंता, ननि रायपुर

### 120 मीटर से 900 मीटर की सड़क पर काम

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि अगले सप्ताह से शुरू हो रहे सड़क मरम्मत का यह काम 120 मीटर से लेकर अधिकतम 900 मीटर तक की सड़क पर किया जाएगा। इसमें खमतराई स्थित जोन-1 की 4 सड़कों और जोन-2 कमिश्नरी के पंडरी स्थित महालक्ष्मी मार्केट तथा बालाजी स्कूल के पास की सड़क पेंच रिपेयर पर 2 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही शंकर नगर स्थित जोन-3 के वार्ड, मोतीबाग स्थित जोन-4 और पानी टंकी ईदगाहभाठा के पास स्थित जोन-5 कमिश्नरी में सड़क मरम्मत के लिए 3 करोड़ के काम होंगे।

### इन सड़कों की होगी मरम्मत

- आमापारा चौक से अग्रसेन चौक, समता कॉलोनी रोड, समता-चौबे कॉलोनी की आंतरिक सड़कें
- तेलघानी नाका, ललिता चौक बढ़ईपारा, रामसागरपारा की आंतरिक व मुख्य मार्ग की सड़क
- पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रोड, तिवारी कॉलोनी, वार्ड 22 में सरकारी स्कूल वाली सड़क
- डगनिया दुर्गा आटा चक्की के पास, सीएसईबी कार्यालय के पीछे वाली सड़क
- रोहिणीपुरम तालाब के पास, विवेकानंद स्कूल के पास, बाजार चौक डगनिया तालाब वाली सड़क व जोन कार्यालय रोड





## कैंपस इवेंट

# इंटर स्कूल कंपीटिशन में नृत्य कलाओं की मंत्रमुग्ध प्रस्तुति



**रायपुर।** सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक शाला में इंटर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजधानी के कई शासकीय और प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पंजाबी नृत्य, महाराष्ट्रीयन नृत्य, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी सहित अलग-अलग राज्यों के लोक नृत्य आकर्षक तरीके से पेश किए। नृत्य का आयोजन एकल युगल और सामूहिक रूप में प्रदर्शन सभी विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

### समूह नृत्य में दानी स्कूल अव्वल

दानी गर्ल्स स्कूल, आत्मानंद स्कूल सरोना, शासकीय सरस्वती कन्या शाला पुरानी बस्ती, उज्जवल पब्लिक स्कूल, ब्यास विद्या पीठ, पाश्चजन्य विद्या मंदिर सहित अन्य स्कूल के प्रतिभागी इसमें शामिल हुए। एकल नृत्य में प्रथम वर्षा सिन्हा रही। उन्हें भारत नाट्यम के लिए पुरस्कार दिया गया। दूसरे स्थान पर डाली निर्मलकर रही। इसी तरह युगल नृत्य में पहले स्थान पर श्रेया चौहान व साक्षी चौहान की जोड़ी रही। दूसरा स्थान रेणुका चंद्राकर और कुसुम देवांगन की जोड़ी को मिला। समूह नृत्य में प्रथम पुरस्कार दानी स्कूल द्वारा पेश किए गए समूह नृत्य बारहमासी को दिया गया।

## लाइव इवेंट

# पक्षी आधारित चित्रकला स्पर्धा छात्रों ने उकेरी प्राकृतिक सुंदरता



**रायपुर।** नंदनवन जंगल सफारी में आज पक्षी आधारित चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और पर्यटकों सहित लगभग 100 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला के माध्यम से बच्चों और पर्यटकों में पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की गई। उन्हें प्रकृति की सुंदरता को समझने और सराहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही मुंगेली जिले से आए लगभग 200 छात्रों ने नंदनवन जंगल सफारी का शैक्षिक दौरा किया।

### विद्यार्थियों को प्रदान करें प्राकृतिक शिक्षा

इस दौरान जू शिक्षा टीम द्वारा नंदनवन जंगल सफारी के वन्यजीवों एवं प्राकृतिक शिक्षा के बारे में बताया गया। छात्रों ने न केवल जंगल सफारी का अनुभव लिया, बल्कि विभिन्न वन्यजीवों और पक्षियों के संरक्षण के महत्व को भी करीब से जाना। नंदनवन जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने इस अवसर पर कहा, इस प्रकार की कार्यशालाएं हमारे पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति बच्चों और युवाओं में गहरी रुचि पैदा करने में सहायक होती हैं। नंदनवन जंगल सफारी का प्रयास है कि हम ऐसी गतिविधियों का आयोजन हर सप्ताहांत मे कराए तथा इसके माध्यम से प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में जागरूकता उत्पन्न करें। यह कार्यक्रम नंदनवन जंगल सफारी के प्रतीक्षालय में आयोजित किया गया।

## सिटी इवेंट

# उंगली पर लगी मतदान की स्याही दिखाने पर होटल-रेस्त्रां बिल में 30 फीसदी तक छूट

**रायपुर।** मतदान करने वालों को शहर के होटल-रेस्टॉरेंट में खाने-पीने और होटल बुकिंग में विशेष ऑफर दिया जाएगा। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रायपुर दक्षिण उप-चुनाव में वोट देने वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने चुनाव आयोग की पहल पर यह छूट दी जाएगी। राजधानी के सुखसागर रेस्टॉरेंट, मंजू-ममता , हॉटल बेबीलॉन, मे-फेयर और फेयर-वे होटल की ओर से मतदाताओं के लिए यह पहल की गई है। इसका लाभ लेने मतदाता को अपने उंगली पर लगी मतदान की स्याही दिखानी होगी। मतदाता जागरूकता अभियान के चलते रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में वोट देने वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने मुहिम चलाई गई है।



### जानिए... कहां, कितनी छूट

इसी कड़ी में एमजी रोड स्थित सुखसागर और मंजू-ममता रेस्टॉरेंट में 13 से 15 नवंबर तक मतदाताओं को रेस्टारेंट बिल में 5 फीसदी की छूट दी जाएगी। वहीं, नवा रायपुर स्थित होटल मे-फेयर में 13 नवंबर से 19 नवंबर तक मतदाताओं को मेन्यू पर 30 फीसदी डिस्काउंट मिलेगा। इसके साथ ही तीन बुफे लेने पर एक बुफे फ्री मिलेगी। नवा रायपुर स्थित होटल फेयर-वे में 13 नवंबर से 19 नवंबर तक मतदाताओं को मेन्यू पर 30 फीसदी डिस्काउंट और रूम बुकिंग में 25 फीसदी डिस्काउंट मिलेगा। मतदाता जागरूकता अभियान को समर्थन देते हुए वीआईपी रोड स्थित बेबीलॉन होटल ने मतदाताओं को विशेष छूट देते हुए रूम बुकिंग पर 30 फीसदी, मॉकटेल पर 25 फीसदी, मेन्यू पर 20 फीसदी, बुफे पर 15 फीसदी डिस्काउंट देने की पहल की है।

### प्रकाश पर्व से पहले गुरुपथ पर संगत ने बिछाए फूल, नगर कीर्तन में छलका उत्साह

# मुंह में मिट्टी तेल डालकर अग्निवर्षा, सीने पर पत्थर रखकर चलाए हथौड़े, सिर पर तोड़ी बर्फ सिल्ली



एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज स्टंट शहर के लोगों ने आस्था के साथ निकाले गए नगर कीर्तन में देखा। स्टेशन रोड गुरुद्वारा से पंडरी गुरुद्वारा के बीच जगह-जगह मुंह में मिट्टी तेल डालकर होती हुई अग्निवर्षा, सीने पर पत्थर रखकर हथौड़े के वार से इसके दो टुकड़े होने के करतब देखकर सभी अचंभित हुए। इसके कुछ देर बाद सिर पर बर्फ की सिल्ली रखकर बैठे सिख युवा पर उनके साथी ने ही हथौड़े से ऐसा वार किया कि बर्फ का मोटा टुकड़ा चूर-चूर हो गया। ऐसे कई स्टंट के साक्षी रविवार को शहर के हजारों लोग बने।

**रायपुर।** सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देवजी के पावन प्रकाश पर्व से पहले रविवार को राजधानी में भव्य नगर कीर्तन परंपरा के तहत निकाली गई। श्री गुरुग्रंथ साहेब की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में खालसाई शान के साथ नगर कीर्तन में सिख संगत भी नजर आई। इससे पहले गुरुद्वारा स्टेशन रोड में नगर कीर्तन की तैयारी सुबह से चल रही थी। साढ़े तीन बजे खालसाई शान से निकाली गई भव्य कीर्तन यात्रा में इस बार कई आकर्षक चीजें नजर आई। जगह-जगह सेवा दल ने स्टॉल के जरिए स्वागत किया। स्टेशन रोड से नगर कीर्तन में शामिल संगत संजय गांधी चौक, गुरुनानक चौक, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक, कचहरी चौक, खालसा स्कूल से होते हुए रात साढ़े 8 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह नगर (पंडरी) पहुंची। इसके बाद नगर कीर्तन का विधि-विधान से समापन हुआ।



### तय ड्रेस कोड में नजर आए लोग

रायपुर के सभी 19 गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों की तैयारी का असर नगर कीर्तन में भी देखने को मिली। प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, लखविंदर सिंह, अमरेश सिंह, बलबिंदर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सरवन सिंह, गुरमीत सिंह गुरुदत्ता के मार्गदर्शन में नगर कीर्तन का सफल आयोजन हुआ। इनके द्वारा की गई प्लानिंग और तय किए गए ड्रेस कोड का भी समाज के लोगों ने पालन किया। सिख वीर सफेद ड्रेस व सुरमई पगड़ी में नजर आए। वहीं बहनें सफेद सूट व सुरमई चुन्नी (दुपट्टा) में नगर कीर्तन का हिस्सा बनी।

### पंज प्यारों का किया स्वागत

गुरुग्रंथ साहेब की पालकी के साथ श्रद्धापूर्वक रास्ते फूलों की वर्षा शबद कीर्तन करते हुए की गई। यातायात बाधित न हो इसके लिए प्रशासन द्वारा तैनात सिपाहियों के अलावा समाज के वालेंटियर भी सेवा दे रहे थे। स्टेशन रोड स्थित एक होटल के पास इस बार भी गुरुचरण सिंह होरा, उनकी पत्नी कुलदीप कौर होरा, तरणजीत सिंह होरा ने पंच प्यारों को माला पहनाकर स्वागत किया। यहां संगत के लिए भव्य लंगर का भी इंतजाम किया गया था।





### एक गाड़ी में पत्थर और मिट्टी तेल

भटिंडा पंजाब के बीर खालसा गतका अखाड़ा दल ने कीर्तन यात्रा के दौरान स्टेशन रोड से गुरुनानक चौक के बीच दल के गुरदीत सिंह एवं 20 साथियों सहित रास्तेभर हैरत अंगेज करतब का प्रदर्शन किया। जयस्तंभ से शास्त्री चौक के बीच इनकी टोली गतका के अलावा तलवार बाजी का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसे देखकर एक समय के लिए लोगों को ऐसा लगा मानो वे आपस में लड़ रहे हैं। इस तरह का नजारा रास्ते में कई जगह देखने को मिला। इनके साथ एक गाड़ी में पत्थर, मिट्टी तेल, बर्फ की सिल्ली लेकर युवाओं का दल चल रहा था।



### शौर्य प्रदर्शन के लिए रोज अभ्यास

अखाड़ा दल के प्रमुख गुरदीत ने बताया कि शौर्य प्रदर्शन के लिए रोज अभ्यास करना होता है। इसका प्रदर्शन करते समय सावधानी भी जरूरी होती है। भीड़ के बीच शौर्य का प्रदर्शन करते समय किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए, इसके लिए किसी खास शौर्य प्रदर्शन के बीच तलवारबाजी या गतका का प्रदर्शन करते हुए जगह बनानी होती है। ऐसा नहीं करने से अग्निवर्षा, पत्थर और बर्फ की सिल्ली को तोड़ने के लिए जरूरी एकाग्रता प्रभावित होती है। इसमें किसी प्रकार की भूल न होने पाए, इसलिए मंझे हुए खिलाड़ी ही रखने होते हैं।

छग प्रगतिशील यादव महासंघ का दीपावली मिलन

# शिव भजन में योगासन की उम्दा प्रस्तुति

**रायपुर।** तीनों लोक बसाए बस्ती में, आप बसे वीराने में... लोकप्रिय गायक कैलाश खेर के शिव भजनों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। कोपल वाणी के 30 से अधिक मानसिक रुप से कमजोर व मूकबधिर बच्चों ने यह प्रस्तुति दी। यह नृत्य कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहां शुरु से ही दर्शकों ने बच्चों के लिए खूब तालियां बजाईं। यह नजारा छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में देखने को मिला। रविवार को यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया गया। जहां राजधानी सहित दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बलौदाबाजार, बिलासपुर, राजनांदगांव जैसे अनेक स्थानों से समाज के सदस्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रुप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि आईएएस डॉ.रोहित यादव शामिल हुए।



### बच्चों को सहायता राशि

एक दिवसीय कार्यक्रम में नृत्य के पश्चात मूकबधिर बच्चों ने शिव भजन पर योग के विभिन्न आसन व प्रायाणाम की प्रस्तुति दी। 10 मिनट की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। समापन अवसर पर बच्चों का मनोबल बढ़ाने तालियों से सभागर गूंज उठा। नन्हे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकगण भावुक होते नजर आए, जो बच्चों के साथ ताल से ताल मिलाकर झूमते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात समाज द्वारा बच्चों को 5001 रुपए की सहायता राशि व नए कपड़े भेंट किए गए। साथ ही 95 साल की बुजुर्ग महिला भागीरथी यादव को पुरस्कृत किया गया।



### समाज में ना हो अंदरुनी बंटवारा

शुभारंभ में सरस्वती वंदना के साथ कृष्ण भजन भी पेश किए गए। आयोजन में आरएसएस छत्तीसगढ़ के प्रांत संघ चालक बिसराराम यादव मुख्य रुप से शामिल हुए। उन्होंने संबोधन में समाज की एकता और शिक्षा पर चर्चा करते हुए कहा, समाज के बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा की आवश्यकता है। इसके साथ ही यादव समाज को विभिन्न विभागों में ना बांटे। समाज के सदस्य एकजूट होकर सामाजिक हित में कार्य करते चले। यादव समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर यादव ने कहा, सामाजिक स्तर पर महिलाओं को प्रोत्साहित करना जरुरी है। जिन समाज व घरों में महिलाओं को सराहा जाता है, उनकी तरक्की निश्चित है। समारोह का संचालन समाज की महिलाओं द्वारा किया गया। शुरुआत से लेकर विभिन्न कार्यक्रमों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# सुआ गीत से बटोरी तालियां छत्तीसगढ़ी परिधान में मिलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी परिधान में 'तरी नरी नाना रे... नाना मोर सुवा ना रे...' गाते हुए जब महिलाओं ने प्रस्तुति दी तो सभागार में उपस्थित अन्य महिलाएं भी झूम उठीं। महाराष्ट्र मंडल द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में ये दृश्य देखने को मिले। महाराष्ट्र मंडल के विभिन्न केंद्रों की महिलाओं ने मराठी गीतों सहित छत्तीसगढ़ी गीत गाए। सुआ नृत्य के दौरान महिलाएं गोल घेरा बनाकर नृत्य कर रही थीं। अन्य सदस्यां ने भी छत्तीसगढ़ गानों पर बेहतरीन प्रस्तुति दी।



### पूछे गए छग आधारित ज्ञानवर्धक सवाल

सप्ताहंत में देर रात तक चले दिवाली मिलन कार्यक्रम में सदस्यों से छत्तीसगढ़ प्रांत को लेकर कई ज्ञानवर्धक और रोचक सवाल पूछे। जिन दर्शकों ने इन सवालों के सही जवाब दिए, उन्हें पुरस्कृत और प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात कला एवं संस्कृति समिति की सह प्रभारी अंकिता किरवई ने हिंदी गाने पर डांस परफॉर्मेंस दी। मुख्य अतिथि दूरदर्शन के समाचार निदेशक डॉ. मनोज सोनोने रहे। उपस्थित सभी सभासदों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई दी।

### भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा ने अपने भजनों की रसधार से श्रोताओं को किया मुग्ध

# ऐसी लागी लगन... देर रात तक भक्ति रस में डूबी रही राजधानी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** भारतीय सड़क कांग्रेस वार्षिक अधिवेशन का तीसरा दिन भजन सम्राट अनूप जलोटा के नाम रहा। शाम ढलते ही भजन प्रेमियों की भीड़ अधिवेशन में पहुंचने लगी थी। मंच में अनूप ने आते ही पहले सभी को दर्शकों प्रणाम किया। इसके बाद हाथों में हारमोनियम लेकर भक्ति रस में प्रस्तुति शुरू की। जैसी ही उन्होंने कहा ऐसी लागी लगन... तो दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट अनूप का स्वागत किया। अपने पहले गाने से ही भक्तों के दिलों को जीत लिया। अनूप ने बताया कि 40 साल से अधिक समय हो चुके हैं, यह गीत हजारों आयोजन में सुना चुका हूं। यह गाना आज भी लोगों के दिलों को छूता है। अनूप ने भजनों के साथ फिल्मी गीतों तथा शायरी व गजलों को गीतों के रूप में प्रस्तुत करते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




### वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी ने किया प्रभावित

अनूप जलोटा ने 2 घंटे की प्रस्तुति ने भजन के साथ फिल्मों गीतों की भी प्रस्तुति दी। इस बीच युवाओं की फरमाइश पर अनूप ने बॉलीवुड के गानों को भजन के रूप में गाकर लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बॉबी फिल्म का मैं शायर तो नहीं.., ओ मेरी जोहरा जबी.., गीत पर लोग झूम उठे। अनूप के इस अंदाज ने लोगों को हैरान कर दिया। कार्यक्रम में भजनों के साथ वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी ने भी दर्शकों को प्रभावित किया। तबला, गिटार और हारमोनियम के साथ अन्य वाद्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से यादगार बनाया। गजलों की ध्वनि सुनकर भी दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम में रंग दे चुनरिया.., वो काला एक बांसुरी वाला... और श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा... जैसे भजनों में श्रोता भक्ति रस से सराबोर हुए।

### सुनाए मजेदार किस्से

कार्यक्रम में प्रस्तुति के दौरान अनूप ने कभी गजलों की प्रस्तुति से प्यार का दर्द सुनाया तो कभी अपने मजेदार अनुभव साझा कर लोगों को हंसाया भी। अनूप ने कहा कि एक बार मैं दिल्ली में भजन सुना रहा था। मेरे सामने छोटा एक बच्चा काफी समय से रो रहा था। मैं जैसे गाना गाता वो और तेज आवाज से रोने लग जाता। जब मैंने महिला से कहा कि इसे थोड़ा चुप कराओ, तो महिला ने कहा मेरा बच्चा भी आपसे यही कह रहा है... यह सुनकर कार्यक्रम में लोग जमकर हंसे।



### भजनों पर बजती रही तालियां

अनूप ने अच्युतम केशवं.., तेरे मन में राम.., मइया मोरी... जैसे कई भजन गाए, जिसमें दर्शकों ने भी पूरा साथ दिया। जलोटा के भजन झीनी रे झीनी... सुन दर्शक भाव-विभोर हो गए। राम चरण सुखदाई... भजन से भगवान श्रीराम की आराधना की। जग में सुंदर हैं दो नाम...चाहे कृष्ण कहो या राम... भजन पर तालियां बजती रहीं। अनूप ने अपने भजनों की रसधार से श्रोताओं को जमकर भिगोया।

**धर्म लाइव**



## बिना धर्म व भक्ति के व्यक्ति पशुतुल्य

**रायपुर।** देवेन्द्र नगर स्थित बीएपीएस श्री स्वामिनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सवेरे 8 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम वेदोक्त महापूजा विधि से भक्तगण लाभान्वित हुए। इस महापूजा विधि को पूज्य श्री परमश्लोक दास स्वामी ने संचालित किया। प्रातः 10.30 बजे से नूतन वर्ष उपलक्ष्य में उत्सव सभा आयोजित हुई। सत्संग कार्यक्रम की शुरुआत में अक्षरधाम संस्था के पूज्य संत प्रेमप्रकाश दास स्वामी को सुनने भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने अपने सत्संग उद्बोधन में कहा, आहार, निद्रा, भय और मैथुन, ये मनुष्य और पशु में समान हैं। इंसान में विशेष केवल धर्म है अर्थात बिना धर्म और भक्ति के व्यक्ति पशुतुल्य है। उन्होंने कहा, चेहरे पर हंसी यदि प्रयत्न की जाए तो आ सकती है। इससे जीवन में जो कठनाइयां झेलनी पड़ती है, वह तो हटेगी नहीं। जीवनकी कठनाइयां हटानी है, तो अपने सद्गुरु साहेब और अपने माता-पिता को प्रसन्न रखना होगा और उनको संतुष्ट करना होगा। दोपहर 12 बजे से भगवान श्री स्वामिनारायण को अर्पित भव्य अन्नकूट के समक्ष थाल गान तथा पूज्य संतों द्वारा महाआरती उतारी गई।

### भव्य रूप से हुआ जगधात्री पूजन



महाकालीबाड़ी एवं विश्वनाथ मंदिर समिति द्वारा पंडरी में जगधात्री पूजा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। हिंदू धर्म में जगधात्री देवी को संसार की पालनहार शक्ति माना जाता है और उन्हें चार भुजाओं वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। जिनके हाथों में शंख, चक्र, धनुष और बाण सुशोभित होते हैं। यह आयोजन माता की शक्ति और धैर्य की उपासना के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर की विशेष सजावट की गई। भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन का समापन रात्रि में भोग वितरण के साथ हुआ। समिति सचिव गौतम मजूमदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कैंपस लाइव**

## इंजीनियरिंग छात्रों ने सजाई रंगोली लघु फिल्म में प्रदर्शित की संस्कृति



**रायपुर।** राजधानी के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत विषय अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम व लघु फिल्म की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यशाला के अंतर्गत रंगोली, संगोष्ठी, चित्रकला, भाषण सहित कई तरह की स्पर्धा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वनवासी कल्याण आश्रम की महिला प्रमुख ललिता मुर्मू उपस्थित रही। उन्होंने आदिवासी समाज की ऐतिहासिक तथा पारंपरिक बारीकियों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सतीश गोकुल पांडा द्वारा जनजाति समाज की कई ऐतिहासिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक घटनाओं से परिचय कराया गया। कई जनजातीय वीरों तथा वीरांगनाओं की याद दिलाते हुए उनका यशगान किया गया।

### पेश की गौरव गाथा

सभी प्रतिभागियों तथा विजेताओं को प्रशस्तिपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ.एमआर खान ने की। कार्यक्रम में संस्था के प्राध्यापक डॉ.जीआर साहू, डॉ.आरएस परिहार, डॉ.श्वेता चौबे, डॉ.अजय गर्ग, डॉ.अजय त्रिपाठी, डॉ.आरएच तलवेकर, डॉ.विकास जैन, डॉ.एसडी दीवान, प्रशांत साहू, मंगल सिंह मेरावी सहित सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम सह समन्वयक डॉ.शशिबाला किंडो द्वारा रमाकांत चौधरी द्वारा रचना आदिवासी वीर बिरसा मुंडा की गौरवगाथा पेश की गई।

**समाज इवेंट**

## अपने व्यवहार के अनुसार मिलता है व्यक्ति को फल, मधुरता जरूरी



**रायपुर।** भाई से बड़ा न कोई मित्र और ना ही कोई शत्रु है। भाई चाहे तो दूसरे भाई के जीवन को स्वर्ग या नरक में बदल सकता है। यह कहना मुनि सुधाकर और मुनि नरेश कुमार का है, जिन्होंने रामायण व महाभारत के पात्रों को उदाहरण स्वरुप बताया। टैगोर नगर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन में 'मेरा भाई मेरी भूजा' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यहां व्याख्याता के रुप में मुनि सुधाकर और मुनि नरेश कुमार उपस्थित रहे। सुबह 9 बजे से आयोजित कार्यशाला में 300 से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रुप में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से आनंद पाटिल उपस्थित रहे।

### भाई के प्रति क्रूर था रावण का व्यवहार

कार्यशाला का संचालन तेरापंथ महिला मंडल की सदस्यों द्वारा किया गया। जहां मुख्य अतिथि ने कहा, वर्तमान में भाइयों के रिश्तों में मधुर संबंध कम देखने को मिलता है। रामायण में दशरथ के चार पुत्र राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की एकता व एक-दूसरे के प्रति समर्पण का भाव वर्तमान में लोगों के लिए उदाहरण है। वही रावण का अपने भाइयों के प्रति क्रूर व्यवहार भी उदाहरणों में शामिल है। जिस प्रकार व्यक्ति अपना व्यवहार रखता है, उसे उसका फल मिलता है। कार्यशाला में डॉ. राजा जैन, रोशन अंकित, अनेकांत जैन, गणेश चंद सहित अन्य मौजूद रहे।

**● मौली धागा बांधकर पूर्ण की परिक्रमा, श्रद्धालुओं ने दान पश्चात वृक्ष के नीचे ग्रहण किया भोजन**

# आंवला नवमी के साथ शुरू हुई विष्णु आगमन की तैयारी

शहर के विभिन्न देवी-देवता मंदिरों में आंवला नवमी का पर्व रविवार को मनाया गया। जहां मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई, वहीं घाट व तालाब किनारे श्रद्धालु स्नान व दान कार्य करते दिखे। मान्यतानुसार, आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। साथ ही इस दिन दान करना सबसे शुभ माना जाता है। सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में भक्तों की लंबी कतार आंवला वृक्ष की पूजा करने के लिए लगी रही।



### बाजे-गाजे के साथ पहुंचे मठ

पुरानी बस्ती स्थित जैतूसाव मठ में आंवला नवमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां मठ के महंत व श्रद्धालुगण ने बाजा-गाजा के साथ पूजा थाल व प्रसाद मठ परिसर तक पहुंचाया। जिसके पश्चात आंवला वृक्ष की पूजा प्रारंभ की गई। सुबह से ही मठ में भक्त जुटने लगे, जिन्होंने बारी-बारी से वृक्ष में मोली धागा व श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित की। इस दौरान 200 से अधिक श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। महेन्द्र अग्रवाल, अजय तिवारी, रमेश यदू सहित मंदिर प्रबंधन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### वृक्ष के नीचे मंत्रोच्चारण



जोरा स्थित श्री साईं आवासीय समिति द्वारा भी आंवला नवमी पर्व मनाया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा सामूहिक रुप से आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना की गई, साथ ही सुख-संपत्ति और आरोग्य की कामना की गई। इस अवसर पर वृक्ष के नीचे महिलाओं ने माता लक्ष्मी व भगवान विष्णु की अराधना, मंत्रोच्चार व आरती पूजा की।

### महिला समूह का भजन गायन

दूधाधारी मठ में सुबह 9 बजे आंवला नवमी की तैयारियां शुरू हुई। इस दौरान वृक्ष की पूजा की गई।



सुबह से मंदिर परिसर में महिला समूह द्वारा भजन गायन रखा गया। पूजा के दौरान विभिन्न प्रकार के भोग प्रसादी स्वरुप अर्पित किए गए। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने वृक्ष की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। महंत राम सुंदर दास, राम हृदय दास, निर्मल दास, हर्ष दूबे सहित मंदिर ट्रस्टी विजय कुमार पाली, मंगल विनोद और राम छवि दास उपस्थित रहे।



मोतीबाग

**रायपुर।** महादेव घाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारी दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया, आंवला नवमी पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। विशेष श्रृंगार के अंतर्गत राधा रानी का स्वर्ण मुकुट, नथनी, चांदी के पायल से श्रृंगार किया गया। साथ ही श्री कृष्ण का सोने व चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में भी आंवला नवमी का पर्व मनाया गया। जहां भोलेनाथ का रंग-बिरंगे फूलों से श्रृंगार किया गया। घाट किनारे श्रद्धालुगण सुबह से स्नान, दीपदान सहित आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना करते नजर आए।



### सुबह से भोग भंडारे की व्यवस्था

श्री राज राजेश्वरी महामाया देवी मंदिर से ट्रस्ट के सदस्य सुरज कुमार फूटान ने बताया, आंवला नवमी के अवसर पर दान करना शुभ माना जाता है। मंदिर प्रांगण में आंवला वृक्ष मौजूद है, जिसकी पूजा रविवार को की गई। सुबह से ही भक्तों के लिए भोग-भंडारे की भी व्यवस्था की गई। तुलसी पुजा से पूर्व आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु के आगमन की तैयारी शुरु की जाती है।



### वृक्ष के नीचे ग्रहण किया भोजन

अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा आंवला नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सदस्यों ने पूजा कर वृक्ष के समक्ष भोजन ग्रहण किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने आंवला नवमी के महत्व की जानकारी दी। कहा आंवला नवमी को कूष्मांडा नवमी और जगधात्री पूजा के नाम से भी जाना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, आंवला नवमी के दिन व्यक्ति द्वारा पुण्य कार्य शुभ माना जाता है। समाज के डॉ.एसके शर्मा, सत्यम शुक्ला, डॉ.मल्लिका मिश्रा, भारती दुबे, लता पांडेय, श्वेता मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।



### आंवला नवमी संग दीपावली मिलन व अन्नकूट

गोपाल मंदिर माहेश्वरी महिला समिति द्वारा सामूहिक रुप से दीपावली मिलन समारोह, अन्नकूट व आंवला नवमी पर्व मनाया गया। शुरुआत खाटू श्याम की पूजा अर्चना से हुई गई। उन्हें 56 भोग अर्पित किया गया। जिसके पश्चात आंवला वृक्ष की पूजा की गई। दीपावली मिलन समारोह में समाज के 100 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। समिति की राष्ट्रीय सहप्रभारी प्रतिभा नत्थानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदा भटर, जिला संगठन मंत्री रमा मल्ल व कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रगति कोठारी, सचिव कल्पना राठी उपस्थित रहे। समिति के सदस्य राज किशोर नत्थानी ने बताया, समाज के सदस्य अन्नकूट पर्व को दीपावली मिलन के स्वरुप मनाते है। नियमानुसार मंदिर में पहले ही अन्नकूट उत्सव मना लिया जाता है, जिसके बाद समाज द्वारा फिर अन्नकूट उत्सव आयोजित किया जाता है।



### मौली धागा बांधते हुए परिक्रमा

बेटी बचाओ मंच के पदाधिकारियो ने अनुपम गार्डन में आंवला पूजन संपन्न किया। मंच के पदाधिकारियो ने अक्षत, रोली, धूप, दीप के साथ पूजन कर मौली धागा बांधते हुए आठ परिक्रमा की। पदाधिकारियों ने अपने-अपने घर से बनाकर लाए गए विविध व्यंजनों का पेड़ के नीचे लुत्फ उठाया। धार्मिक गीत, भजन आदि का आयोजन भी किया गया। लीला रहंगडाले, आशा चंद्राकर, विजयलक्ष्मी दीवान, प्रीति मिश्रा, रंभा चौधरी, सरिता कटरे, हेमा यादव सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कठिनाई भरा होता है अधिवक्ताओं का सामाजिक और पारिवारिक जीवन, मिलकर मजबूत करें न्याय व्यवस्था

**रायपुर।** सामाजिक संस्था 'सर्व समाज समन्वय महासभा' द्वारा वृंदावन हॉल में सामाजिक जीवन में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें विधि के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले अधिवक्ताओं का विधि रत्न से सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा सहयोग केंद्र प्रभारी रूप नारायण सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, अधिवक्ता समाज के अभिन्न अंग हैं, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य करते हैं। अधिवक्ताओं का सामाजिक जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है अधिवक्ता के बिना न्याय व्यवस्था का सुचारु रूप से संचालन नहीं किया जा सकता।



### सरल और सुलभ न्याय के लिए करें कार्य

विशिष्ट अतिथि विधि सलाहकार नेहा गुप्ता ने कहा, हम सभी को मिलकर न्याय व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है। सबको सरल और सुलभ रूप से न्याय कैसे मिले, इस पर काम करने की आवश्यकता है। महासभा के प्रमुख डॉ.उदयभान सिंह चौहान ने कहा, हमारी संस्था समाज के हर वर्ग को जोड़ने और उनके बीच समन्वय करने का काम कर रही है। सबको न्याय दिलाने का कार्य अधिवक्ता करते हैं उनका स्वागत और सम्मान हमारा कर्तव्य है।

### लोगों को मुसीबत से बचाना मुख्य उद्देश्य

मुख्यवक्ता सच्चिदानंद उपासने ने उद्बोधन में कहा, अधिवक्ताओं का सामाजिक और पारिवारिक जीवन बहुत ही कठिनाइयों भरा होता है पीड़ितों को न्याय दिलाना, लोगों की समस्याओं को दूर करना और लोगों मुसीबत से बचाने का काम अधिवक्तागण करते हैं। जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने कहा, अधिवक्ता अपने पक्षकार के लिए मेहनत करता है और न्यायालय न्याय करता है। अधिवक्ता सम्मान के लिए काम नहीं करता, लोगों को न्याय कैसे मिले उसके लिए काम करता है।

### 60 अधिवक्ताओं का सम्मान

योगाचार्य डॉ.सीएल सोनवानी ने बताया, 60 अधिवक्ताओं को मेडल, प्रमाण पत्र और वस्त्रसम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख से जिला अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार, केपी निषाद, भगवानू नायक, उमाकांत मिश्रा, विश्ववंदनी पांडे, देवनारायण सिन्हा, स्मिता पांडे, शोभा सोनी, उर्वशी घोष, शिल्पी प्रधान, विनोद श्रॉफ, अंकुरदीप, विवेक तनवानी, सुनील सेन व अन्य शामिल रहे।

## रोज मुफ्त भोजन देने वाले सम्मानित तीन परिवारों ने 108 दिन खिलाया खाना



**रायपुर।** प्रतिदिन निःशुल्क सेवार्थ भोजन वितरण करते हुए समाज सेवा की दिशा में उत्कृष्ट पहल के लिए सहभागी दानवीरों, संस्थाओं व महिला मंडलों के लिए रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, पूर्व अध्यक्ष छग विधानसभा धरमलाल कौशिक एवं विधायक मोतीलाल साहू मुख्य रूप से शामिल हुए। मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि यह दानवीरों का समाज है तथा सामाजिक मान्यताओं को मानने वाला समाज है। वहीं धरमलाल कौशिक ने कहा कि मानव जन्म में हम ऐसा कर्म करें कि परलोक हमारा सुधर जाए। श्री विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट द्वारा जो सेवार्थ निःशुल्क भोजन चलाई जा रही हैं, वह इस दिशा में एक कदम है। विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि समाज की सोच सदा सेवा भावी रही है तथा एक लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क भोजन समाज की यही सोच को दर्शाता है।

### जैन परिवारों की रही सहभागिता

निःशुल्क भोजन के देने पीछे जैन समाज के विभिन्न परिवार की सहभागिता रही। ट्रस्ट के मीकिन मुणोत ने बताया कि तिलोकचंद बरडिया परिवार, सुरेश बाघमार और गुलाब मालू परिवार द्वारा 36-36 दिन, गजराज पगरिया परिवार द्वारा 18 दिन, प्रकाश सुराना परिवार द्वारा 10 दिन सहित संतोष खाटोड द्वारा सेवार्थ भोजन में सहभागिता की घोषणा की गई। गगन बरडिया, कमल लोढा, गजराज पगरिया, तिलोक बरडिया, अभय भंसाली, पुखराज मुणोत सहित अन्य उपस्थित रहे।

**अग्रसेन धाम में सुबह 9 से रात 11 बजे तक रहा वैवाहिक उत्सव सा माहौल**

# नौ जोड़ों की शादी में हर मेंबर गॉर्जियन, किसी ने रचाई मेंहदी तो किसी ने संभाला स्टॉल, सेवापथ पर तैनात रहे 150 से अधिक

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** सनातन धर्म में आदि शक्ति के नौ रूपों की पूजा होती है। इस भावना से इस बार भी अग्रसेन धाम में सिंधी समाज के लोग संस्था 'सेवा पथ' द्वारा रचाई गई नौ जोड़ों की शादी में बिना कहे गॉर्जियन की जिम्मेदारी निभाता नजर आया। कोई दूल्हे व दुल्हन को मेंहदी रचाने में व्यस्त था तो कोई 150 से ज्यादा लोगों ने पानी पिलाने से लेकर चाय बांटने का खर्च वहन करते नजर आया। सामाजगण बड़ी संख्या में यहां पहुंचे और इस पहल को सराहा। विवाह में किसी तरह की कमी ना रहे, इसलिए समाज द्वारा कई दिनों पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। विवाह स्थल की सजावट से लेकर अन्य सभी तरह की व्यवस्था पूर्ण रूप से समाज सदस्यों द्वारा की गई।



### संतों ने भी निभाई अहम भूमिका

यह पहल सिर्फ इसलिए की गई, ताकि समाज के किसी वर या वधू के विवाह का खर्च उठाने के प्रयास में उनके परिवार के लोग कर्ज के बोझ से न दब जाएं। इसमें सिंधी समाज के सभी संतों ने भी अहम भूमिका निभाई। कोई खाने के लिए सजाया गया स्टॉल संभाल रहा था तो कोई लग्न मंडप को सजाने में शनिवार रात से जुटा था। ऐसी तैयारी आमतौर पर गॉर्जियन निभाते हैं, मगर सेवादार पहलाज खेमानी, संजय लालवानी के साथ विक्की पंजवानी व अन्य सदस्य यह दायित्व हर साल निभाते हैं।



### अंतरजातीय विवाह भी

इस बार किए गए निःशुल्क कन्यादान में पहली बार अंतरजातीय शादी हुई। यह जोड़ा महाराष्ट्र के वर्धा से आया था। इसमें सिंधी वर मोहित गोधवानी की शादी वर्धा की वधु योजना सोनटक्के से करवाने की जिम्मेदारी संस्था सेवा पथ ने निभाई। हर जोड़े के लिए कपड़े से लेकर वर-वधू पक्ष के 100-100 सदस्यों को रहने-खाने से लेकर रिसेप्शन तक की सारी सुविधा कन्यादान की कड़ी में की गई। सुबह 9 बजे वर-वधू पक्ष के लोगों का स्वागत किया गया। इसके बाद नास्ता परोसने के बाद 10 बजे मुकुट पूजन और 11 बजे बारात स्वागत किया गया।

### संगीत की सजी महफिल

महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, ओडिसा के वर-वधु आयोजन में शामिल होकर परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने से पहले जानीवास में पहुंचे। नौ कन्याओं का उनके परिवार के लोगों ने ही नहीं बल्कि आयोजन में शामिल हर मेंबर्स द्वारा पूजा की गई। इसके बाद लेडिस संगीत के साथ लग्न मंडप में विधि-विधान से सभी जोड़े का विवाह कराया गया। दूसरी तरफ खाने-खिलाने का दौर चल रहा था। महिलाओं व पुरुषों का एक वर्ग विवाह स्थल पर झूमते नाचते हुए इस शादी के आयोजन को उत्सव का रूप दे रहा था।

## सिटी स्पोर्ट्स

# इंटरनेशनल मास्टर एथलिट चैंपियनशिप में महाराष्ट्र मंडल की मालती को ब्रांज



**रायपुर।** बंगाल मास्टर्स एथलिट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सातवीं इंटरनेशनल मास्टर्स एथलिट चैंपियनशिप 2024 में महाराष्ट्र मंडल रायपुर की सह सचिव मालती मिश्रा ने 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए आयोजित लंबी कूद स्पर्धा में ब्रांज मेडल्स जीता है। मालती की इस उपलब्धि पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन गोविंद दंडवते और कार्यकारिणी ने उन्हे बधाई दी है। पश्चिम बंगाल के अशोक नगर स्थित डा. बिधानचंद्र राय क्रीड़ांगन में न्नौ और 10 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय स्पर्धा में अलग-अलग आयु वर्ग के लिए कई स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। मालती मिश्रा ने फोन पर चर्चा में बताया कि छत्तीसगढ़ से 35 सदस्यों की टीम विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए पहुंच रही हैं। स्पर्धा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित देश के कई प्रदेशों की टीम पहुंची है। वहीं बांग्लादेश और श्रीलंका के लोग भी स्पर्धा में भाग लेने के लिए आए हैं।

अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि मालती मिश्रा महाराष्ट्र मंडल की सह सचिव ही नहीं बल्कि खेल समिति की सह प्रभारी भी हैं। उन्होंने 60 प्लस आयु वर्ग में ब्रांज मेडल हासिल कर युवा पीढ़ी को प्रेरित किया है। साथ ही इस उन्होंने खेल समिति में अपने कार्यों और कर्तव्यों को भी सिद्ध कर दिया है। इस स्पर्धा में कई प्रतिभागी 75 प्लस आयु वर्ग के हैं। जो पूरे उत्साह के साथ स्पर्धा में भाग ले रहे हैं।

# अखिल भारतीय टेनिस टूर्नामेंट में विहार और ऐयाना बने चैम्पियन



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ द्वारा तीन दिवसीय ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट सीएस 3 अंडर 14 गर्ल्स एवम बॉयज 8 नवंबर से जारी है। यूनियन क्लब एवम छत्तीसगढ़ क्लब में हुई इस प्रतियोगिता के टूर्नामेंट डायरेक्टर टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा एवम मुख्य निर्णायक रुपेंद्र सिंह चौहान है।

अंतिम दिन के परिणाम में अंडर 14 आईटा चैंपियनशिप सीरीज के बालिका वर्ग के फ़ाइनल मुक़ाबले में एयाना कपूर ने वान्या पुंढीर को 61,6-2 से शिकस्त देकर फाइनल में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बालक वर्ग के फ़ाइनल मुक़ाबले में विहार शरण भाटिया ने अव्यक्त अग्रवाल को 6-4,4-3 रिटायर्ड से शिकस्त देकर फाइनल में विजेता बने। विजेताओ को टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अवतार जुनेजा ,सह सचिव सुनील सुराना ,रुपेंद्र चौहान और कार्यकारी सदस्य प्रदीप मथानी ने पुरस्कृत किया। मैच के निर्णायक लुकेश नेताम,रोहन मंडल, देवेंद्र सिंह,प्रेम प्रकाश ध्रुव, अमन ध्रुव, मोनेश साहू और रितेश साहू थे।

# सीके नायुडु ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ को बढ़त





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर-23 सी के नायुडु ट्रॉफी का आयोजन 13 अक्टूबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (08-11 नवंबर) कानपुर में उत्तर प्रदेश अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84 ओवरों में 10 विकेट खोकर 264 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से हर्ष साहु ने शानदार शतक लगाते हुये 111 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आशीष डहरिया ने 37 रन तथा मयंक यादव ने 25 रन बनायें।

उत्तर प्रदेश अंडर-23 टीम की ओर से कुणाल त्यागी तथा विजय कुमार ने 4-4 विकेट प्राप्त किये। उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 81.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 267 रन बनाये। उत्तर प्रदेश की ओर से आदर्श सिंह ने 92 रन तथा प्रशांत वीर ने नाबाद 66 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ की ओर से मयंक यादव ने 5 विकेट तथा आयुष ठाकुर ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी दूसरी पारी में 74 ओवरों में 4 विकेट खोकर 240 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ की ओर से हर्ष साहु ने नाबाद 89 रन तथा आशीष डहरीया ने 59 रन बनाये।

## कुछ मेवे और सब्जियों से भी नियंत्रित कर सकतें हैं फैटी लिवर

# फैटी लिवर की परेशानी का हल मौजूद है आपके खाने में, इन्हें जरूर आजमाएं

*फैटी लिवर मतलब लिवर के आसपास जरूरत से ज्यादा फैट जमा हो जाता है तो उसे फैटी लिवर कहा जाता है। ज्यादातर पुरुषों के मामलों में ऐसा अल्कोहल के सेवन, तेल-मसाले वाले खाने की वजह से होता है। ज्यादातर मामलों में फैटी लिवर के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन कई मामलों में ये स्थिति लिवर के लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि फैटी लिवर होने पर हेल्दी खाना खाया जाए। ऐसा खाना खाया जाए जो फैटी लिवर को वापस हेल्दी बना दें। फैटी लिवर होने पर क्या-क्या खाना चाहिए? जवाब जानिए-फैटी लिवर की असल स्थिति का अंदाजा फैट से लगाया जाता है, ये बात पहले भी बताई जा चुकी है। लेकिन असल में कितना फैट बढ़ने पर ऐसा होता है।*



### खाने में हेल्दी डाइट

फैटी लिवर वो समस्या है जिसके चलते कई बार पेट में दर्द होता है और कई बार उल्टी भी महसूस होती है। पेट में दर्द होता है और इतना ही नहीं कई बार स्किन पर पीलापन भी आ जाता है। स्थिति ज्यादा खराब होने पर लिवर में सूजन भी आ जाती है। इसलिए जरूरी है कि इससे बचने के साधन तलाशे जाएं। सबसे अच्छा तरीका ये होगा कि खाने में हेल्दी डाइट ली जाए। ओमेगा 3 फैटी एसिड अखरोट की खासियत होता है, यही खासियत लिवर के लिए फायदेमंद होती है।

### शरीर की चर्बी होती है कम

लहसुन के फैटी लिवर में फायदा करने की वजह इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जिनसे फैटी लिवर में काफी फायदा मिल जाता है। पत्तेदार सब्जियां भी इस स्थिति में काफी फायदा देती हैं। खासतौर पर ब्रोकोली खाने से फैटी लिवर में काफी आराम मिलता है। दरअसल इनके सेवन से शरीर की चर्बी कम होती है।

### सभी अंगों को मिलता है फायदा

आप इसके लिए फूलगोभी, हरा प्याज, गाजर, कद्दू, पत्तेदार साग, चुकंदर आदि का सेवन भी कर सकते हैं। ये सब्जियां शरीर को और फायदे भी देती हैं, जिससे शरीर हेल्थी होता जाता है और फायदा सभी अंगों को मिलता है। मछली में अखरोट की तरह ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है। कई शोधों में पाया गया है कि ये एसिड फैट के लेवल और फैटी लिवर दोनों को ठीक करता है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल के लेवल में सुधार होता जाता है। मछली में भी कुछ खास नाम इस काम में आपकी मदद कर सकते हैं जैसे सैल्मन और टूना। मछली खाने वालों को कई फायदे होते हैं।

### फैटी लिवर में फायदा

कॉफी और ग्रीन टी का सेवन करने से अभी लिवर में जमा फैट कम हो जाता है। इसलिए इन्हें भी संतुलित मात्रा में सेवन किया जा सकता है। ध्यान रहे कैफीन की मात्रा' इतनी न हो कि दूसरी दिक्कतें शुरू हो जाएं। इसलिए सोच समझकर एक्सपर्ट की सलाह पर ही कैफीन का सेवन करें। ओट्स भी फैटी लिवर में फायदा देने वाला खाना है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट और फाइबर इसमें मदद करते हैं। कार्बोहाइड्रेट से ऊर्जा मिलती है तो फाइबर से फैट कम होता है। इससे पेट भी साफ होता है। टोफू सोयाबीन से बनता है और फैटी लिवर में काफी लाभदायक है।



### इलाज कराना सबसे जरूरी

फैटी लिवर को अगर समय पर ठीक करने के उपाय न किए जाएं तो समस्या काफी बढ़ सकती है। फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस में बदल सकता है। इसलिए समय रहते इसका इलाज कराना सबसे जरूरी है। अगर फैटी लिवर की समस्या है तो मरीज को वजन कम करने की कोशिश करनी चाहिए। वजन कम करके फैट कम होगा तो लिवर पर जमी एक्स्ट्रा चर्बी भी कम होती जाएगी। बस यही से फायदा शुरू हो जाएगा। खास बात ये है कि अगर वजन कम कर लिया जाए और एल्कोहल छोड़ने के साथ लाइफस्टाइल में सुधार कर लिए जाएं तो फैटी लिवर की समस्या खत्म की जा सकती है।



# बोहेमियन शैली में करें घर की सजावट, खिल उठेगा हर कोना

बोहेमियन शैली उन महिलाओं के लिए आदर्श है, जो चाहती हैं कि उनका घर पारंपरिक दिखे। बोहेमियन इंटीरियर के माध्यम से आप अपने घर को अधिक खूबसूरत बना सकती हैं। जिन लोगों को परंपरागत सीनरी और फोटो फ्रेम आदि दीवारों पर लगाने में आलस महसूस होता है, उनके लिए बोहो आर्ट एक तरह का रिफ्रेशमेंट है। बोहो कला दरअसल एक अपरंपरागत श्रेणी है, जो फैशनेबल होने के साथ-साथ देसी टच भी देती है। बोहेमियन आर्ट बेहद ही खूबसूरत होती है। इसमें कला के परंपरागत नियमों का बंधन न होकर पूरी तरह वास्तविक समाज की छाप होती है, फिर चाहे वह प्रकृति प्रेम हो या जनजातीय जीवन। आप भी अपने घर को बोहेमियन होम डेकोर स्टाइल से सजाकर खूबसूरत और आकर्षक लुक दे सकती हैं।

इस आर्ट डेकोरेशन में पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप चाहें तो घर को सजाने के लिए प्लांट हैंगिंग का उपयोग करें, क्योंकि ये कम जगह घेरते हैं। आप आर्टिफिशियल प्लांट का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

बोहो आर्ट में रंगों के मैचिंग कॉन्सेप्ट से हटकर ढेर सारे वाइब्रेंट रंगों का प्रयोग होता है, जैसे कि पर्पल सोफे पर गुलाबी कुशन या न्यूड कलर बेड के साथ डार्क मल्टी कलर का बैक ग्राउंड। लेकिन एक पैटर्न को फॉलो करना जरूरी है, वरना यह अजीब और भद्दा लगेगा।

सर्दियां आने वाली हैं, ऐसे में आप लिविंग रूम या कमरे में एक विंटेज लुक का रग यानी गलीचा जरूर बिछाएं। टर्किश रग कमरे को बहुत रॉयल लुक देते हैं। अगर कमरा छोटा है तो आप छोटे-छोटे रग भी बिछा सकती हैं।



दीवार को सजाने के लिए रंग-बिरंगे टेपेस्ट्री वॉल हैंगिंग का इस्तेमाल करें। यह दिखने में बहुत सुंदर और क्लासी लगते हैं। प्रिंट के मामले में ट्राइबल प्रिंट पहले नंबर पर आता है, क्योंकि यह जनजातीय कला है।

बोहो आर्ट डेकोरेशन में आप लाइट्स का उपयोग भी कर सकती हैं। साधारण टेबल लैंप के बजाय रंग-बिरंगे शेड्स वाले लैंप का इस्तेमाल करें। इसके अलावा आप कमरे की छत और दीवारों पर भी हैंगिंग लाइट्स लगा सकती हैं।

आजकल रंग-बिरंगी दीवारों का चलन कम है और इसकी जगह पोर्टबल आर्ट दीवारें लगाई जा रही हैं। बाजार में आजकल बोहो होम डेकोर वॉल आर्ट और टक्सन पोर्टेबल आर्ट मिल रही हैं। इंटीरियर डेकोरेशन में बोहेमियन विंड चाइम और झूमर क्रिस्टल प्रिज्म भी सुंदर दिखते हैं। इनको सकारात्मक ऊर्जा के लिए घरों में टांगा जाता है।

# टेटे सीनियर तथा होप्स में अर्जुन अथर्व, सुष्मिता और बीनू विजेता




**रायपुर।** 22वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 में सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग में मुकाबले हुए । छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से 07 नवंबर से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में जारी इस प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। इसके पहले 9 नवंबर की शाम सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चार्टर्ड एकाउंटेंट दीपक जैन ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव प्रेमराज जाचक, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन विमल नायर ने किया। प्रतियोगिता में कल खेले गये सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के फायनल मुकाबले हुए। जिसमें सीनियर पुरुष वर्ग में विजेता अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), उपविजेता-प्रणय चौहान (रायपुर) 4-3 रहे।

# जावित्री की चाय पीने से मिल सकते हैं सेहत को कई फायदे



जावित्री, रसोई में मौजूद गुणों से भरपूर एक मसाला है। इसकी चाय, सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाती है। हालांकि, इसका बहुत अधिक मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए।इसकी चाय कई तरह से हमारे लिए फायदेमंद है। अगर आप सही तरीके और सही मात्रा में जावित्री की चाय का सेवन करेंगी, तो इससे सेहत दुरुस्त रहेगी और एक नहीं बल्कि कई समस्याओं में लाभ मिलेगा। जावित्री की चाय पीने से आपको क्या फायदे मिल सकते हैं, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन नंदिनी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं। जावित्री में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसकी चाय पीने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और मौसमी बीमारियां दूर रहती हैं। अगर आपको अक्सर मौसमी बीमारियां और इंफेक्शन घेर लेते हैं, तो जावित्री की चाय का सेवन करें। यह शरीर के लिए एक हेल्दी टॉनिक के तौर पर काम करती है। जावित्री की चाय पीने से डाइजेशन भी दुरुस्त होता है। इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है, मेटाबॉलिज्म दुरुस्त होता है और पाचन में सुधार होता है। जावित्री की चाय मेटाबॉलिज्म को सुधारती है और इससे फैट बर्निंग तेज होती है। इसे पीने से वजन भी आसानी से कम होता है। अगर आप वजन कम करना चाहती हैं, तो इस चाय को जरूर डाइट में शामिल करें। जावित्री में एंटी-डायबिटिक गुण होते हैं। इसकी चाय पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। यह चाय शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को भी सुधारती है। इससे चेहरे पर चमक बनी रहती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन
हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग)
6263745853 9827129838

CCTV · Biometrics · Fire Safety · Video Conf. · Networking & IT Solutions · Vehicle Traking
Fire Detection · Boom Barrier Gate Automn · Audio Conf · Smart Class Set up · Walky Talky · Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तकिया रेमंड एक के साथ एक फ्री | चादरे सैट 9x9 425/- | तकिया फूल साईज 160/- जोड़ी | गद्दा सादा 220/- | मैट्रेस लेस 30% से 60% | पुराना गद्दा लाये नया ले जाये |
| 4x6 - 15 किलो 700/-, 850/- गद्दा | फाईबर तकिया 250/- जोड़ी | प्रोट्रेक्टर सभी प्रकार के तैयार कव्हर | लग्जरी मैट्रेस 5, 6, 7, 8 इंच रेडी | सोफा कमबेड कर्म्फटर कबल | तैयार सफेद रुई फाइबर गद्दा |

संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6 & 7 फेन
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रेड गार्जियन-बक्की की थंडरबोल्ट का ट्रेलर जारी, जल्द रिलीज की तैयारी



थंडरबोल्ट में इस बार आपको बक्की, रेड गार्जियन, जॉन वॉकर, गोस्ट, टास्क मास्टर और एक नया किरदार बॉब देखने को मिलेगा। आज कुछ ही देर पहले हॉलीवुड फिल्म थंडरबोल्ट ब्राजील डी 23 के ट्रेलर के साथ ही इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया गया है। एमसीयू की एवेंजर्सः एंडगेम के बाद अब मार्वल अभी भी फैंटास्टिक फोर और एक्स-मेन जैसी प्रतिष्ठित टीमों की शुरुआत की ओर बढ़ रहा है। ऐसा लग रहा है कि अब मावर्ल को संभाले की जिम्मेदारी थंडरबोल्ट्स के कंधों पर आ गई है। थंडरबोल्ट्स ट्रेलर में भरपूर एक्शन और एवंजर्स टीम की पहली झलक मिली है, जिसमें जूलिया लुइस-ड्रेफस की कोंटेसा वेलेंटीना एलेग्रा डी फॉन्टेन, डेविड हार्बर की रेड गार्डियन, हन्ना जॉन-कामेन की घोस्ट, वायट रसेल की यूएस एजेंट, ओल्गा कुरीलेन्को की टास्कमास्टर, फ्लोरेंस पुघ की ब्लैक विडो, येलेना बेलोवा, सेबेस्टियन स्टेन की बकी/विंटर सोल्जर और लुईस पुलमैन की ₹बॉबर₹ द सेंट्री शामिल हैं। फ्लोरेंस पुघ, सेबेस्टियन स्टेन और बाकी सितारे मार्वल की आगामी फिल्म थंडरबोल्ट्स में धमाल मचाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर शनिवार को पहली बार ब्राजील डी 23 फैन इवेंट में दिखाया गया। फिल्म में रेड गार्डियन की भूमिका निभाने वाले डेविड हार्बर दर्शकों के सामने ट्रेलर पेश करने के लिए मौजूद थे।

### टॉलीवुड

## भव्य स्तर पर लॉन्च होगा 'पुष्पा 2 द रूल' का ट्रेलर, कई कार्यक्रम करेंगे निर्माता

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' अगले महीने सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर लॉन्च को लेकर कई योजनाएं बनाई हैं, जिसके बारे में आखिरकार उन्होंने फैंस को अपडेट दिया है। फिल्म का ट्रेलर लॉन्च भव्य अंदाज में भारत के विभिन्न स्थानों पर होने वाला है। चलिए जानते हैं 'पुष्पा 2' के ट्रेलर पर आई दिलचस्प जानकारी के बारे में...



पुष्पा 2ः द रूल की टीम पटना से एक बड़े ट्रेलर लॉन्च की शुरुआत करने के लिए तैयार है, जो कोलकाता, चेन्नई, कोच्चि, बेंगलुरु, मुंबई जैसे स्थानों पर जारी रहेगा और अंत में हैदराबाद में समाप्त होगा। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से बड़े पैमाने पर पैन-इंडिया ट्रेलर लॉन्च की आधिकारिक घोषणा की है। अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा 2ः द रूल की रिलीज को लेकर चर्चा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। हाल ही में, पुष्पा 2ः द रूल के सेट से एक तस्वीर इंटरनेट पर सामने आई, जिसमें अभिनेत्री श्रीलीला को अभिनेता के साथ एक कैमियो डांस नंबर करते हुए देखा गया। पहले ऐसी अफवाहें थीं कि श्रद्धा कपूर या तृप्ति डिमरी जैसी बॉलीवुड अभिनेत्रियां सीक्वल फिल्म में डांस नंबर कर सकती हैं। हालांकि, बाद में इस बात का खंडन किया गया और साथ ही यह भी कहा गया कि पहली किस्त में ऊ अंतवा के बाद सामंथा भी उसी फिल्म में वापसी कर सकती हैं।

'पुष्पा 2ः द रूल' 2021 की फिल्म 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है। अल्लू अर्जुन के प्रशंसकों को उन्हें फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए तीन साल का इंतजार करना पड़ा। 'पुष्पा 2' 500 करोड़ रुपये के बजट पर बनी सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। फिल्म पुष्पा राज की कहानी पर आधारित है, जो तस्करी करते हुए और बिना किसी से डरे अपना काम करता है।

### भोजपुरी

## अक्षरा की नई फिल्म 'जानू आई लव यू' की पहली झलक आई सामने, तेवर दिखाती आईं

अभिनेत्री अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। वे यहां न सिर्फ अपनी निजी, बल्कि प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी हर अपडेट भी साझा करती हैं। आज उन्होंने अपनी आगामी फिल्म के बारे में फैंस को जानकारी दी है। अक्षरा की आगामी फिल्म का नाम 'जानू आई लव यू' है। आज इसका पहला पोस्टर जारी हुआ है।



अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर 'जानू आई लव यू' की पहली झलक साझा की है। पोस्टर में अक्षरा तीखे तेवर दिखाते नजर आ रही हैं। पोस्टर में उनकी एक मुख्य तस्वीर है। इसके अलावा कई और भी लुक हैं। एक में वे फूलों की माला पहनें हाथ जोड़े नजर आ रही हैं। उनका यह अंदाज किसी नेता जैसा लग रहा है, जैसे कि अपनी चुनावी जीत पर जनता का आभार जता रही हों। अक्षरा के साथ इस फिल्म में विक्रांत सिंह नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अनुराग मिश्रा ने किया है। फिल्म का पहला पोस्टर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस फिल्म में उनके अलग-अलग अंदाज देखने को मिलेंगे और फिल्म काफी दिलचस्प होगी। फिलहाल पोस्टर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया देखने लायक है। कुछ फैंस उनकी तुलना कंगना से कर रहे हैं। कमेंट कर रहे हैं, 'जिस तरह कंगना बॉलीवुड की क्वीन हैं, वैसे ही आप भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन हो'। कुछ यूजर्स नई फिल्म के लिए बधाई दे रहे हैं।

## रोशनी का खेल

पिछले दिनों पेरिस फैशन वीक में बायोडिग्रेडेबल सामान से बने कपड़े, घरों में तैयार कॉउचर गाउन और अफ्रीकी लोककथाओं से प्रेरणा लेने वाला कलेक्शन अपनी रचनात्मकता के साथ दर्शकों के सामने आया। यहां एक गाउन विशेष चर्चा में रहा, जिसमें जीवंत प्रिंट, विशाल आकार, अलंकृत बेलबूटे और क्रिनोलिन कलाकारी थी। इस नीली 3डी फूल बोलेरो और काली स्लिप ड्रेस को तैयार करने बड़े फूलों के आकार को महीनों में विकसित किया गया। इसे सेक्विन और क्रिस्टल से सजाया गया है, जिससे जब मॉडल मुड़े तो वे बारिश की बूंदों की तरह चमकें।




# इन गलतियों के कारण बढ़ जाती है त्वचा में ड्राईनेस

त्वचा की सही तरीके से देखभाल करते रहने से स्किन लम्बे समय तक जवां और खूबसूरत रहती है। इसके लिए सबसे पहले आपको स्किन टेक्सचर को समझना जरूरी होता है। अक्सर त्वचा को सही पोषण न मिलने के कारण स्किन ड्राई होने लगती है, लेकिन कई बार जाने-अंजाने में गलत स्किन केयर स्टेप को फॉलो कर लेने से भी त्वचा बेजान नजर आ सकती है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं वो गलतियां जिनके कारण आपकी त्वचा हो सकती है और भी ज्यादा ड्राई।

स्किन पोर्स को साफ करने और चेहरे पर मौजूद डेड स्किन की लेयर हटाने के लिए चेहरे पर समय-समय [आर स्क्रब करना जरूरी होता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में त्वचा पहले से ही ड्राई होती है और इस पर



बार-बार फेस स्क्रब का इस्तेमाल करने से स्किन छिल सकती है और ड्राईनेस को भी बढ़ा सकती है। इसके लिए आप हफ्ते केवल 1 बार ही फेस स्क्रब का इस्तेमाल करें और स्क्रब करते ही चेहरे पर मॉइस्चराइजर जरूर लगायें। किसी भी चीज को चेहरे पर लगाने से पहले आपको यह जानना बेहद जरूरी होता है कि क्या यह इंग्रेडिएंट आपकी स्किन पर सूट करेगा भी या नहीं? हालांकि इसके लिए हम पैच टेस्ट करते हैं, लेकिन कई बार हम केवल बड़े ब्रांड और एड्स देखकर प्रोडक्ट खरीद लेते हैं और लगा लेते हैं। इस कारण हमारी त्वचा डैमेज हो सकती है और यह स्किन ड्राईनेस को बढ़ा सकती है। इसके लिए आपको सबसे पहले स्किन टाइप और टेक्सचर को समझना चाहिए और चाहे तो आप किसी स्किन एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकते हैं। मौसम चाहे कैसा भी हो, स्किन को नार्मल सीटीएम रूटीन के अलावा भी कई चीजों की आवश्कयता होती है। इसके लिए आपको हफ्ते में करीब 3 बार तक चेहरे पर शीट मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा आपको रोजाना चेहरे पर फेस ऑयल और स्किन केयर रूटीन में सीरम को शामिल करना चाहिए। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेटेड बनाने में सहायता करेंगे।

## जींस के साथ ऐसे पहनेंगे प्रिंट तो लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स, टॉप टिप्स ये रहे






जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब गर्मी है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है।

इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।



### कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।

### पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

### कैजुअल लुक के लिए

आपको कैजुअल लुक चाहिए तो जींस के साथ टाइप सेंट्रिक प्रिंटेड टीशर्ट पहनें। साथ में काले सनग्लासेज भी लगाए जा सकते हैं।

### एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।

### हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।

## सिर्फ कॉटन ही नहीं स्किन फ्रेंडली हैं ये फैब्रिक जो त्वचा की एलर्जी से दे सकते हैं राहत !



सेंसेटिव स्किन की बात हो या त्वचा की एलर्जी, हर कोई बस सूती कपड़े पहनने की सलाह देता है। मगर क्या कॉटन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है? सवाल एकदम सही है और इसका सटीक जवाब है- एक नहीं कई ऐसे फैब्रिक हैं जो स्किन फ्रेंडली हैं। लेकिन केवल सूती ड्रेस पहनने से बात नहीं बनने वाली है। इसलिए अगर आप कॉटन के कपड़ों के अलावा अन्य फैब्रिक से बने ड्रेस पहनना चाहते हैं तो विकल्प मौजूद है।

### सूती कपड़े हैं सुपर

जिन लोगों को त्वचा संबंधित एलर्जी होती है, उनको सूती कपड़े के ड्रेस पहनने की सलाह दी जाती है। गर्मी में त्वचा से संबंधित कोई समस्या नहीं है तो भी हमें ऐसे कपड़ों को पहनना चाहिए। वहीं सर्दियों में भी लोग सूती पहनना पसंद करते हैं।

### खादी के कपड़े

हर मौसम के लिए खादी भी एक बेहतर फैब्रिक मानी जाती है। पहले खादी अधेड़ उम्र के लोगों की पहचान मानी जाती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से फैशन जगत में इस को लेकर काफी एक्सपेरिमेंट हुए हैं। यह कोल्ड को बीट करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो ट्रेंड के अनुसार खादी से बनी ड्रेसेज पहन सकते हैं।

### लिनेन के कपड़े

लिनेन के कपड़े देखकर ही कितने हल्के और सुकून देने वाले मालूम होते हैं। मगर ये पहनने में भी उतने ही बेस्ट माने जाते हैं। जानकार बताते हैं, कि खादी और सिल्क को मिक्स करके इसे तैयार किया जाता है। हल्का होने के कारण ये पहनने के बाद बोझिल मालूम नहीं होता है। इसको पहनने पर पसीना भी बहुत कम निकलता है।

## हेयर की केयर होगी ऐसी, तो कभी नहीं झड़ेंगे बाल



ज्यादातर लोगों को तनाव के कारण भी हेयर फॉल होता है। अगर आप भी काम की भाग दौड़ के चलते स्ट्रेस में रहती हैं, तो आप मेडिटेशन का सहारा लें। इससे तनाव से मुक्ति मिलेगी और हेयर लॉस की समस्या भी कम होगी। साथ ही यह ओवरऑल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद साबित होगा।

एक्सपर्ट के मुताबिक आजकल लोग लो कैलोरी फूड पर ज्यादा रहते हैं। इस वजह से भी हेयर फॉल हो सकता है। एक्सपर्ट लो कैलोरी फूड की जगह प्रोटीन और आयरन रिच खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह देती हैं। प्रोटीन और आयरन से भरपूर फूड्स रेड ब्लड सेल्स के जरिए हेयर फॉलिकल्स तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाता है, इससे बाल जड़ से मजबूत बनते हैं और स्वस्थ रहते हैं, तो आज से ही आप प्रोटीन और आयरन रिच फूड खाना शुरू कर दें।

दही और अलसी का सेवन करने से आपकी हेयर फॉल की समस्या दूर हो सकती है। अलसी यानी की फ्लैक्सीड से आपको ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट मिलेगा और दही से प्रोटीन और प्रोबायोटिक मिलेंगे। यह दोनों कांबिनेशन आपके फैट सॉल्युबल विटामिन को अब्जॉर्ब करने में मदद करेंगे,जो आपकी रूट को नरिश करते हैं।

अगर आप बालों को सुंदर दिखाने के लिए हिट स्टाइलिंग या कर्लिंगकरती है तो इसे आज से ही बंद कर दें आपके बाल इससे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं और हेयर फॉल की समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। आप अपने नेचुरल हेयर को ही अप्रिशिएट करें।इससे आप हेयर फॉल की समस्या से बच सकती हैं।<एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप पोनीटेल हेयर स्टाइल करती हैं, तो इससे आपको नुकसान हो सकता है। टाइट चोटी बनाने से बालों की जड़ों पर जोर पड़ता है और यह बाल झड़ने का कारण बन सकता है। ऐसे में पोनीटेल की जगह पर ढीले हेयर स्टाइल बनाएं या फिर बालों को खुला भी रख सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## प्लस साइज को कपड़े खरीदने में आती है दिक्कत, टिप्स को करें

# प्लस साइज फिगर सपना नहीं हकीकत इस तरह ट्राई करें आउटफिट्स

जिन लड़कियों को ये लगता है कि प्लस साइज होने के बाद वो खूबसूरत नहीं दिख सकती तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अगर वो अपने स्टाइल लुक को चेंज करेंगी तो वो पहले से ज्यादा सुंदर लग सकती हैं। क्योंकि जब तक आप सही तरीके से आउटफिट कैरी नहीं करेंगी आप खूबसूरत नहीं लगेंगी। अगर आपको अपना कॉन्फिडेंस वापस लाना है तो इसके लिए आपको अपने लुक्स का मेकओवर करना होगा। इसके लिए यहां बताए गए टिप्स आपके काम आएंगे।



### स्लीवलेस कपड़ों को इस तरीके से करें स्टाइल

अगर आप स्लीवलेस कपड़े पहनने से घबराती हैं कि कही हाथ मोटे न लगे, तो अब आपको इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आप इन्हें स्टाइल कर सकती हैं वो भी बहुत ही अलग अंदाज में। इसके लिए आपको जरूरत है उसके ऊपर पहनने वाले श्रग या फिर लॉन्ग कोट की। ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से जाते हैं। साड़ी के साथ आप लॉन्ग कोट पहन सकती हैं। कोई ड्रेस स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ श्रग काफी अच्छा लगेगा। इससे आपके हाथों का मोटापा भी नहीं दिखेगा। इस तरीके से आउटफिट को स्टाइल करें आप पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी।

### ब्लाउज को इस तरीके से करें स्टाइल

अगर आप लहंगा या साड़ी वियर कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है कि आप अपने ब्लाउज को थोड़ा लंबा बनवाएं। इससे आपका बैली फेट छुप जाएगा। वरना आप बाजार (टॉप डिजाइन) में मिलने वाले ब्लाउज को भी वियर कर सकती हैं। इसमें आप अलग-अलग तरह के नेकलाइन डिजाइन और बैक डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसे पहनने के बाद आप खूबसूरत भी लगती हैं और किसी को लगता भी नहीं हैं कि आप मोटी हैं।

